RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 73
फरीदाबाद, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



अवसाद, कम खाने से वजन घटने की वजह से लिया संन्यास

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 72,488 | ▼ 454.09 | |
| निफ्टी | 21,995 | ▼ 152.05 | |
| सोना | 72,555 | ▲ 32 | /10 gm |
| चांदी | 83,531 | ▲ 32 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 39.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## क्विक न्यूज

### सोना तस्करी करने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। बयान में बताया गया कि मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था।

### स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण

**बालासोर।** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह जानकारी दी। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल प्रक्षेपण-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेश संचालित लंबी दूरी की सब-सोनिक क्रूज मिसाइल का सफल निर्माण भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के लिए एक प्रमुख उपलब्धि है।

### अभय कुरुक्षेत्र से, सुनैना हिसार से इनेलो उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा से तीन उम्मीदवारों की सूची बृहस्पतिवार को जारी की। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इनेलो ने अपनी महिला शाखा की नेता सुनैना चौटाला को हिसार से मैदान में उतारा है जबकि आरक्षित लोकसभा क्षेत्र अंबाला से युवा नेता एवं पार्टी का सिख चेहरा गुरप्रीत सिंह को टिकट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की नेतृत्व वाली इनेलो ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अभय चौटाला कुरूक्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इनेलो की महिला शाखा की महासचिव सुनैना चौटाला, अभय चौटाला के चचेरे भाई रवि चौटाला की पत्नी हैं। रवि इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला के छोटे भाई दिवंगत प्रताप सिंह चौटाला के बेटे हैं।

# बृजभूषण शरण के खिलाफ अभियान चलाने वाली साक्षी टाइम टॉप 100 लिस्ट में

## टाइम मैगजीन में भारत से एक्टर आलिया भट्ट , वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा

### माइक्रोसॉफ्ट के सीइओ सत्य नडेला और एक्टर-डायरेक्टर देव पटेल का नाम भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**अमेरिका** की टाइम मैगजीन ने हरियाणा के ओलिंपियन पहलवान साक्षी मलिक को आइकॉन की लिस्ट में प्रभावशाली हस्ती माना है। मैगजीन ने टॉप 100 हस्तियों के नामों की घोषणा की है। इसमें साक्षी मलिक के अलावा भारत से एक्टर



आलिया भट्ट, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीइओ सत्य नडेला और एक्टर-डायरेक्टर देव पटेल का नाम शामिल है।



मैगजीन में नाम पाने वाली हरियाणा की इकलौती पहलवान साक्षी मलिक है। मैगजीन ने इनका नाम शामिल करते हुए कहा कि साक्षी ने कुश्ती में यौन शोषण के खिलाफ बृजभूषण सिंह के खिलाफ एक मुहिम छेड़ी है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन की भी साक्षी ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपनी कुश्ती से भी संन्यास ले लिया है।

वहीं, इस सम्मान को पाने पर साक्षी मलिक ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा है- वर्ष 2024 की 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होने पर मुझे गर्व है। वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल होना अनूठा अनुभव है। यह ओलिंपिक पदक जीतने के समान खुशी है। हरियाणा के रोहतक जिले के मोखरा गांव में कुश्ती खेल नहीं, एक जुनून है, एक इमोशन है। यही मोखरा साक्षी मलिक का पैतृक गांव है। साक्षी का जन्म तीन सितंबर, 1992 को हुआ था। गांव में एक 60 साल पुराना शंकर अखाड़ा है, जिसकी शुरुआत मदिया पहलवान ने 1963 में किया था। 89 वर्षीय मदिया गांव में गुरु जी (कोच) के नाम से जाने जाते हैं। मदिया पहलवान की देखरेख में शंकर अखाड़े से भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ पहलवानों निकले हैं। दिलचस्प यह है कि इस अखाड़े से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले करीब 11 जवान कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़े थे। साक्षी जब करीब 3-4 साल की थीं, तो अन्य बच्चों के साथ शंकर अखाड़े में जाती थी। वह शायद कुश्ती से उनका पहला जुड़ाव था। साक्षी ने 12 साल की उम्र में कुश्ती सीखने की शुरुआत की। हालांकि, उनकी मां अपनी बेटी को रेसलर नहीं बनाना चाहती थीं। मां ने कहा- लड़कियां बाउट करते वक्त छोटी छोटी कास्टयूम पहनती थीं। इसलिए रेसलिंग मुझे पसंद नहीं आई। मैंने साक्षी को बहुत समझाने की कोशिश की कि जो पहलवान लड़कियां होती हैं उनकी शादी नहीं होती।

### समयपुर बादली-जहांगीरपुरी के बीच सेवा प्रभावित रहेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन के विस्तार के चौथे चरण का काम पूरा करने के लिए समयपुर बादली और जहांगीरपुरी स्टेशनों के बीच एलो लाइन पर चार महीने तक एक ही ट्रैक से मेट्रो ट्रेन की आवाजाही होगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रात 10 बजे से सुबह सात बजे तक सेवा प्रभावित रहेगी। एलो लाइन, दिल्ली के समयपुर बादली को हरियाणा के मिलेनियम सिटी सेंटर, गुरुग्राम से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, समयपुर बादली और जहांगीरपुरी के बीच एलो लाइन पर मेट्रो ट्रेन की आवाजाही रात 10 बजे से सुबह सात बजे तक एक ही ट्रैक पर होगी।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई वीवीपीएटी वेरिफिकेशन पर पांच घंटे सुनवाई, फैसला सुरक्षित

# वोटर्स को वोटिंग पर्ची दो, ईसी बोला, गलत इस्तेमाल होगा लेकिन कैसे पता नहीं

### क्या काउंटिंग के 45 दिन के अंदर रीकाउंटिंग के लिए पीटीशन दायर कर सकते हैं मतदाता

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**इलेक्ट्रॉनिक** वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों की 100 फीसद क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की पांच घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे।

एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपीएटी से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपीएटी स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।

कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपीएटी की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपीएटी मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपीएटी मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल, 2019 को मिलान के लिए ईवीएम की संख्या 1 से बढ़ाकर 5 कर दी थी। इसके बाद मई 2019 कुछ टेक्नोक्रेट्स ने सभी ईवीएम के वीवीपीएटी से वेरिफाई करने की मांग की याचिका लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके अलावा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने भी जुलाई 2023 में वोटों के मिलान की याचिका लगाई थी। इसे खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- कभी-कभी हम चुनाव निष्पक्षता पर ज्यादा ही संदेह करने लगते है।

सीनियर एडवोकेट संतोष पॉल ने बहस के दौरान कहा कि चिंता यह है कि सिस्टम में विश्वास होना चाहिए। विकसित देशों ने इस सिस्टम





को छोड़ दिया है। जस्टिस दत्ता ने कहा, ऐसा मत सोचिए कि दूसरे देश भारत से ज्यादा विकसित हैं। हेगड़े ने कहा, हमने इस विरोध को नहीं मानते, इसे पूर्णविराम न बनने दें। देश को पता चल गया है कि अब तक क्या हुआ है। सवाल बड़े हैं, इसलिए एक और दिन का इंतजार किया जा सकता है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

शंकरनारायणन ने कहा, विसंगति का प्रचार किया गया। चुनाव आयोग समझा सकता था। मिस्टर सिंह कह रहे हैं, मिसमैच का केवल एक मामला है। जिसे हमने बताया है। चुनाव आयोग के प्रतिनिधि ऐसा नहीं कहते। वे मानते हैं कि इसमें मानवीय त्रुटियां हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा, जो बताया जा रहा है, ये वह नहीं है, जिस पर आपने तर्क दिया था। सिंह ने कहा, केवल एक मामला, दूसरा नहीं है। कोर्ट ने पूछा, क्या हम इसे रिकॉर्ड पर ले सकते हैं। जस्टिस खन्ना, मैं थोड़ा बहुत कंप्यूटर जानता हूं। फ्लैश मेमोरी कंट्रोलिंग यूनिट में है।

शंकरनारायणन ने कहा वीवीपीएटी तब इंडिपेंडेंट वैरिफिकेशन यूनिट नहीं रह जाता जब यह बैलट यूनिट से जोड़ दिया जाता है। वीवीपीएटी पर्चियों की संख्या का कहीं और रिकॉर्ड रखना जरूरी है। उन्हें वीवीपैट पर्चियों की कुल संख्या गिनने दीजिए। न कि कितनी किसके पास गईं। ताकि अगर कोई विसंगति हो तो हमें पता चले कि कुछ गड़बड़ हुई है। जस्टिस खन्ना ने कहा, हम पहले ही कह रहे हैं कि बेहतर संचार होना चाहिए था, जानकारी उपलब्ध करायी जानी चाहिए थी। भूषण ने कहा, कुछ प्रोग्राम फीड है। पर्ची लटकी दिख रही है, कट कर गिरी हुई नहीं दिख रही। यह पूरी तरह पॉसिबल है। इसीलिए जनता में बेचैनी है । जस्टिस खन्ना ने पूछा खुद को कानूनी तर्कों तक ही सीमित रखें। भूषण ने कहा, अगर अभ्यर्थियों को बुलाया भी गया तो वे क्या देखेंगे? गलत प्रोग्राम लोड हो सकता है, उन्हें पता भी नहीं चलेगा। अब ट्रांसपैरेंट विंडो देखें, 2017 के आसपास जब हर जगह वीवीपैट लगाए गए थे। डिजाइन बदल दिया गया था।

भूषण ने कहा, मतदाता को पर्ची कटती और बॉक्स में गिरती हुई दिखनी चाहिए। वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती बहुत ज्यादा नहीं होती। पूर्व सीईसी कुरेशी ने बताया था कि मतपत्रों की गिनती में 2 दिन से भी कम समय लगा। यह मतदाताओं के विश्वास का भी सवाल है। ऐसा करने में क्या दिक्कत है? चुनाव आयोग ने कहा, डिस्प्ले विंडो की बात करें तो इसे कभी भी नहीं बदला गया है। साबू स्टीफन (इंटरवीनर) ने कहा, डिजिटल डेटा को बदला जा सकता है। पेपर की पर्चियों के साथ यह संभव नहीं। दोनों को एक साथ गिना जाना चाहिए। निष्कर्ष के बाद इनकी तुलना की जाए। पेपर वाली पर्चियां विसंगति के मामले में प्रभावी होनी चाहिए। 100 फीसद टैली समय की मांग है। मतदान में कई फेज में होते हैं, लेकिन गिनती नहीं होती। जनता को पूरा भरोसा दिलाने के लिए आम चुनाव में मतगणना एक ही दिन होनी चाहिए।

शंकरनारायणन ने कहा, हम चुनाव आयोग के खिलाफ आरोप नहीं लगा रहे हैं। हमें संदेह है,और ऐसे संदेहों के कारण भी हैं। जस्टिस खन्ना ने पूछा, उन्होंने ऐप की त्रुटियों को (एरर्स) 17ए और 17सी में बताया है। एलजी तुषार मेहता ने कहा, अक्सर चुनावों से पहले ये होता रहता है। इसका वोटर टर्नआउट पर भी असर पड़ता है और लोकतंत्र को नुकसान होता है। जस्टिस खन्ना ने कहा भूषण ने काफी पहले आवेदन कर दिया। एलजी मेहता ने कहा, वे वोटर की पसंद का मजाक बना रहे हैं। मैंने अपनी तरफ से सभी से कहा है कि कल के लिए किसी प्लांटेड आर्टिकल/न्यूज आर्टिकल के लिए तैयार रहें।

शंकरनारायणन ने कहा, ये फंडामेंटल के बारे में हैं। हम कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। सुबह की गई शिकायत एक इलेक्शन एजेंट की थी। मनिंदर सिंह ने कहा, उनके आरोप पूरी तरह गलत हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा कि आप उनके बयान पर फैसला क्यों सुना रहे हैं, बहस करें। अगर किसी को सॉफ्टवेयर पर शक है, तो क्या वह इसे क्रॉस चेक करा सकता है। काउंटिंग के बाद यूनिट्स को प्रत्याशी के प्रतिनिधि के सामने सील किया जाए। अगर मशीन 45 दिन के लिए स्टोर की गई तो व्यक्ति चुनाव पिटीशन दायर कर सकता है।



# जानबूझ कर जेल में मीठा खा रहे हैं अरविंद केजरीवाल, ताकि मिल जाए जमानत : ईडी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस बीच केजरीवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचिका दायर की थी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई, जिस पर गुरुवार को ईडी ने अपना जवाब कोर्ट में दिया है। ईडी ने दावा किया है कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें जमानत मिल जाए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह दावा सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष किया, जिन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, डाइट चार्ट अदालत के



### आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया

सामने रखा गया है। डाइट चार्ट में आम और मिठाइयां थीं, हमने इसे अदालत के सामने रखा है। वह विशेष रूप से मीठा भोजन खा रहे थे। जिसकी किसी भी मधुमेह रोगी को अनुमति नहीं है। ईडी ने अदालत को बताया, टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च चीनी सामग्री वाले भोजन खा रहे हैं। वह रोजाना आलू पूरी, आम, मिठाई खा रहे हैं। यह चिकित्सा जमानत के लिए आधार बनाने के लिए किया जा रहा है।

### ईडी केजरीवाल की जान लेने का षडयंत्र रच रही : आतिशी

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोककर उनकी जान लेने का बड़ा षडयंत्र रचा जा रहा है। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक अदालत में दावा किया है कि आप के प्रमुख टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर जमानत मिल सके। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया, जिसमें केजरीवाल का भोजन का चार्ट भी शामिल हो।



### भारत, अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



## 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज

# 2019 में भाजपा 40, डीएमके 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं

### थुथुकूडी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. पोनराज 320 रुपए के साथ सबसे गरीब उम्मीदवार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**2024** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के



पहले फेज में कुल 1,625 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8 फीसद हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16 फीसद यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28 फीसद उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 फीसद यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फेज में 1618 उम्मीदवारों में से 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 4.51 करोड़ रुपए है। 10 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है। तमिलनाडु की थुथुकूडी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. पोनराज 320 रुपए के साथ सबसे गरीब उम्मीदवार हैं।

आरएसएस का हेडक्वॉर्टर होने के बावजूद नागपुर हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहा। 1952 से 1996 तक और 1998 से 2009 तक ये सीट कांग्रेस के कब्जे में रही। 1996 के चुनाव में पहली बार भाजपा का खाता खुला था। तब बनवारीलाल पुरोहित सांसद चुने गए थे। 2014 में नितिन गडकरी ने कांग्रेस की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। तभी से वे नागपुर सीट से सांसद हैं। गडकरी अब तीसरी बार मैदान में हैं। मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। विकास ठाकरे नागपुर वेस्ट से विधायक हैं और मेयर रह चुके हैं।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024



# चार छात्राओं का विपणन अधिकारी के पद पर चयन




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर 16ए फरीदाबाद के बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम वर्ष की चार छात्राओं का बीपीएस किरण सोलर में विपणन प्रबंधन अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जिससे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्राचार्या डाङ्ख. सुनिधि एवं स्टाफ सदस्यों ने चयनित छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने बताया कि दो अप्रैल को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सैल की ओर से महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।

# भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी : यशवीर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद







**भाजपा** व्यवसायिक प्रकोष्ठ पलवल के जिला संयोजक यशवीर सिंह ने पायनियर को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भाजपा के दस साल के शासनकाल में देश व प्रदेश में सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। भाजपा ने अपने सभी चुनावी वायदों को पूरा कर दिया है। प्रधानमंत्री की पूंजीनिवेश बढ़ाने वाली नीतियां बनाने से देश व प्रदेश में विदेशी पूंजी निवेश तेजी से हो रहा है। जिससे युवाओं के रोजगार के निजी क्षेत्र में नए अवसर मिल रहे हैं। सेनाओं के लिए अब देश में ही हथियार बनाए जा रहे हैं। जिससे सेनाओं की मारक क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। आज देश की सेनाओं की शक्ति से दुश्मन देश भयभीत हैं। देश में जीएसटी कलेक्शन ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है। इसकी वजह से सडकों, एम्स, आईआईटी के निर्माण में तेजी आई है। जम्मू-कश्मीर से विवादित 370 आर्टिकल को हटाने के बाद आंतकवाद पर पूरी तरह से रोक लग गई है। पिछली सरकारों की अपेक्षा कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। सरकार की नीतियों से जनता खुश है, इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें देकर दोबारा पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

यशवीर सिंह ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासनकाल में देश व प्रदेश का तेज गति से विकास हुआ है। एक्सप्रेस वे व हाईवे का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। जिससे देश के एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश व एक शहर से दूसरे शहर को आने-जाने में आसानी हुई है। देश में नए एम्स व आईआईटी का निर्माण हुआ हैं। जहां से शिक्षा प्राप्त करके लोग देश व विदेश तक में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम के निर्माण भी करवाए जा रहे हैं।

यशवीर सिंह ने बताया कि सरकार की नीतियों की वजह से देश व प्रदेश में विदेशी पूंजी निवेश तेज गति से हो रहा है। इसकी वजह से नई-नई कंपनियां लग रही हैं। जिनमें युवाओं को रोजगार मिल रहा है। निजी क्षेत्र में लाखों युवाओं को नई-नई नौकरियां मिल रही हैं। जीएसटी के कलेक्शन ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिससे विकास ने तेज गति पकड़ी है। उन्होंने बताया कि देश की सेनाओं के लिए जो हथियार विदेशों से मंगवाए जाते थे, आज उनका निर्माण देश में ही किया जा रहा है। इससे सेनाओं के बेड़े में नई-नई मिसाइलें तैनाात हुई हैं। जिससे सेना की मारक क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। इससे दुश्मन देश भयभीत हैं। किसान सहायता राशि किसानों के खातों में सीधे पहुंच रही हैं, वहीं किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत भी मिल रही है। इससे किसान खुश हैं। कश्मीर से विवादित आर्टिकल 370 को हटाकर बीजेपी ने एक बहुत ही बड़ा कार्य किया है। जिससे जम्मू-कश्मीर से आंतकवाद का पूरी तरह से सफाया हो गया है। अयोध्या में भी राम मंदिर का निर्माण कर बीजेपी ने अपना चुनावी वायदा पूरा कर दिया हैं। अब लोग अयोध्या में श्री राम के दर्शनार्थ को जा रहे हैं। जिससे उनमें अपार खुशी है। बीजेपी के शासनकाल में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। जिससे अब महिलाएं रात तक बेधड़क आ जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि बीजेपी की नीतियों से जनता खुश है। इसकी वजह से आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक लोकसभा सीटों पर विजयी बनाकर बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि बीजेपी ने लोकसभा के लिए अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

# पांच वर्ष में तीन बार भेजा गया सरकार को प्रस्ताव


## बीके अस्पताल में नहीं शुरू हुई आईसीयू की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**बीके** अस्पताल प्रबंधन की ओर से पांच वर्ष में तीन बार आठ बेड का आईसीयू बनाने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जा चुका है, लेकिन इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हालांकि कोरोना काल में प्रशासन ने आनन-फानन में अस्पताल में अस्थाई आईसीयू शुरू किया था। तीन वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई थी। इसके लिए निजी अस्पतालों से स्टाफ लाकर लगाया था। कोरोना खत्म होने के बाद इन्हें बंद कर दिया गया, जो अब कबाड़ हो गए हैं। जिले के एक मात्र 72 साल पुराने जिला अस्पताल बीके में आईसीयू की सुविधा नहीं है। ऐसे में गंभीर मरीजों को दिल्ली एम्स और सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





बीके अस्पताल से प्रत्येक दिन 15 से 20 गंभीर मरीजों को दिल्ली स्थित एम्स, सफदरजंग व अन्य सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाता है। जरूरतमंद लोगों के जन के पास निजी अस्पताल का बिल अदा करने की क्षमता नहीं होती। यहां पर आईसीयू उपचार नहीं मिलने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली रेफर करने के दौरान कई मरीजों की जिंदगी भी जा चुकी है। हालांकि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर पहले दावा किया गया था कि सरकार बनने पर अस्पतालों में सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। दिल्ली की तर्ज पर मरीजों को आईसीयू, एमआरआई, सिटी स्क्रैन, किडनी ट्रांसप्लांट, आई ट्रांसप्लांट, वेंटिलेटर आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार के नौ साल पूरे होने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। जिले की 27 लाख की आबादी आज भी दिल्ली के भरोसे हैं और निजी अस्पतालों पर निर्भर है। इस दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत सड़क दुर्घटना व अन्य बीमारियों से जूझ रहे आईसीयू के मरीजों को होती है। ऐसे में आईसीयू और वेंटलिटर के मरीजों को बीके अस्पताल से सीधा सफदरजंग या एम्स रेफर कर दिया जाता है।

**निजी अस्पताल में एक दिन का खर्च 2500 से तीन हजार**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में करीब 10 बड़े निजी अस्पताल हैं। जिनमें आईसीयू, वेंटिलेंटर सहित सभी प्रकार की उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं हैं। सरकारी अस्पताल में अभी आईसीयू नहीं हैं। प्राइवेट अस्पतालों में आईसीयू वार्ड का एक दिन का खर्च करीब 2500 से 3000 रुपये तक आता है। कई बार मरीजों को एक सप्ताह से 15 दिन तक रखना पड़ता है।

**आईसीयू यूनिट में क्या है दरकार**

आईसीयू यानी (इंटेंसिव केयर यूनिट) किसी भी अस्पताल की एक ऐसी इकाई है, जहां गंभीर रोगों से ग्रसित, ऑपरेशन व ट्रॉमा के मरीजों का इलाज किया जाता है। इस वार्ड में बीमारी के हिसाब से न्यूरो, सर्जिकल व मेडिकल आईसीयू अलग-अलग होते हैं। ऐसे में इनकी मशीनें और डॉक्टर भी भिन्न-भिन्न होते हैं।

-----------

अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर आईसीयू शुरू करने की योजना तैयार की गई है। सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। अधिकारिक मंजूरी के बाद योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। जिसके बाद लोगों को इलाज में सुविधा होगी व रेफर करने से छुटकारा मिलेगा।

**-डॉ. विनय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**


# बीजेपी के शासन में कोई काम बिना पैसे दिए नहीं होता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**लोकसभा** चुनाव की घोषणा होते ही लोगों ने सत्ताधारी व विपक्षी नेताओं के कार्यों की तुलना करनी शुरू कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद से कहीं पर चार आदमी इकट्ठे होते ही पार्टियों व नेताओं के कार्य की तुलना शुरू हो गई है। कुछ लोग जहां सत्ताधारी पार्टी की नीतियों को जनता के लिए हितकारी बता रहे हैं तो कुछ लोग पार्टी की नितियों की खुलकर मुखालफत भी कर रहे हैं।

पार्क में ताश खेलते लोग चुनावी चर्चा में भी मशहूर रहे। इस अवसर पर कल्लन का कहना था कि बीजेपी के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आई है। अब बुजुर्ग पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, छात्रों को मिलने वाली छात्रवृति के पैसे, किसानों की सहायता राशि आदि सीधे लोगों के खाते में आते हैं। बिचौलिया का रोल पूरी तरह से खत्म हो गया है। लोगों को मिलने वाली पूरी राशि उनके खाते में पहुंच रही है। जिससे दलाली प्रथा पूरी तरह से खत्म हो गई है। लोगों के सभी सरकारी कार्य तुरंत होते हैं। सभी कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं। जिससे भ्रष्टाचार के चांस पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। कल्लन की बात काटते हुए घनश्याम व भगतीराम का कहना था कि बीजेपी के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार में बढ़ोतरी हुई है। कोई भी सरकारी कार्य बगैर दिए नहीं होते हैं। सरकारी कर्मचारी बिजली के बिलों को अधिक भेजते हैं। उसके बाद लोग जब उनको कम करवाने के लिए बिजली कार्यालयों में जाते हैं तो बगैर पैसे दिए बिल कम नहीं किए जाते हैं। रोहताश का भी यह ही कहना था कि सभी सरकारी कार्यालयों में लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए धक्के खाने पड़ते है। जब तक कुछ राशि नहीं दी जाए, लोगों की फाइल ही आगे नहीं बढ़ती है। कर्मचारी को उसका हिस्सा मिल जाने के बाद कार्य तुरंत ही जाता है। उससे पहले कोई कार्य नहीं होता है। लोगों का कहना था कि सरकार को भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से नकेल कसनी चाहिए। जिससे लोगों के कार्य बगैर देरी से हो सकें।





# जो शराब नहीं पीते उन्हें भी हो सकता है फैटी लिवर

फरीदाबाद



**लिवर** से संबंधित बिमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. पुनीत सिंगला ने बताया कि नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज का मतलब है कि जो लोग शराब नहीं पीते हैं, उन्हें भी फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। फैटी लिवर डिजीज में हमारे लिवर की कोशिकाओं में फैट भर जाता है। अगर लिवर के अंदर एक निश्चित प्रतिशत से ऊपर फैट है तो उसे फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है। इसका सबसे आम कारण है शराब का सेवन। इसके अलावा कुछ ऐसे मरीजों में फैटी लिवर डिजीज सामने आई जो शराब नहीं पीते हैं, इसे नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। इसमें लिवर की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं या उनमें फैट भर जाता है।

# स्थानीय होने के साथ पूरे क्षेत्र का समान विकास करने वाला हो सांसद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव की तिथि नजदीक आते ही





प्रत्याशियों की तैयारियां भी शुरू हो चुकीं हैं। ऐसे में क्षेत्र के कई प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनमें से अधिकतर किसी न किसी पार्टी से टिकट लेने की जुगत में हैं तो कुछ हर हालत में चुनाव लड़ने के मूड में हैं।



भावी सांसद न केवल साफ स्वच्छ छवि वाला हो, बल्कि अधिकारियों के काम पर भी नजर रखने वाला हो। हमारे बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पारदर्शी के साथ जनता के प्रति जवाबदेही हैं।

**-ममता चौहान**



सांसद शिक्षित होने के साथ अच्छी समझ रखने वाला मृदुभाषी होना चाहिए। जो सबका सम्मान करे व जनसमस्याओं को समझ उनका समय रहते निराकरण करा सके। आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद भूमिका रहती है।

**-दीपक गोयल**



दो बार से सांसद रह चुके कृष्णपाल गुर्जर ही हमारे भावी सांसद होंगे। चुंकि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए सांसद वही ठीक हैं।

**-रश्मि सहरावत**



सांसद में सामाजिक सद्भाव होना चाहिए। सद्भाव ऐसा गुण है जो लोगों की समस्याओं को समझ उनका निराकरण कराने के प्रति प्रेरित करता है। सद्भाव होगा तो वह लोगों की समस्याओं का निराकरण कराएगा।

**-हरेकृष्ण शर्मा**

# हमारी संगत से चरित्र और जीवन तय होता है : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्रीराम** नवमी के अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व भगवान का सविधि अभिषेक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आश्रम के अधिपति जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने सभी को श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी संगत ही हमारे चरित्र और हमारे जीवन की दिशा को तय करती है। हम जैसे लोगों में रहते हैं वैसे ही हमारे कर्म होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि मंथरा ने पहले भी ऐसा कहा होगा, तब कैकेयी ने उसको नहीं टोका। आखिरकार उसने वो किया जिसके कारण भगवान श्रीराम को वनवास काटना पड़ा। स्वामीजी ने कहा कि हमें भगवान से उनकी मर्यादा का गुण प्राप्त करना चाहिए।

भगवान ने अपना पूरा जीवन मर्यादा को समर्पित कर हमें बड़ी सीख देने की कोशिश की। हमें विनम्र रहना चाहिए। विनम्रता हमारा सबसे बड़ा आभूषण होनी चाहिए। इसके साथ साथ हमें गुरु के समक्ष हमेशा सत्य बोलना चाहिए और उनकी आज्ञा लेकर कार्य करनी चाहिए। भगवान श्रीराम अपने गुरु से ही आज्ञा लेकर कुछ भी कार्य करते थे। हमें भी गुरु से आज्ञा लेकर ही अपने कार्य करने चाहिए। हमें श्रीराम के जैसे अपने माता पिता की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने हमें जीवन दिया है। उनका स्थान हमारे जीवन में सबसे ऊपर होना चाहिए। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए और सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश उठाए। वहीं सभी भक्तों ने प्रसाद, भोजन प्रसाद प्राप्त किया।

# रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने एंजल क्रिकेट अकादमी को 118 रन से हराया



**फरीदाबाद।** एंजल क्रिकेट ग्राउंड फरीदाबाद पर रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली और एंजल क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने एंजल क्रिकेट अकादमी को 118 से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 294 रन का लक्ष्य दिया । रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वंश शर्मा ने 72 गेंदों पर 19 चौकों की मदद से 105 रन, पर्व भाटिया ने 44 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 48 रन बनाए। एंजल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव पांडे ने 8 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट आकाश ने छह ओवर में 44 रन देकर दो विकेट, इकनान खान, रोहन राठोर और निर्मल ने 1/1 विकेट हासिल किया।

# वेल्डिंग से डबल डेकर बस में लगी आग



## वेदराम कॉलोनी के पास की घटना, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पल्ला** सेहतपुर स्थित वेदराम कॉलोनी के पास सुबह एक डबल डेकर बस में भयंकर आग लग गई। आग की सूचना पाकर डायल 112, पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। लोगों का कहना है कि यह बस श्री राम गार्डन की पार्किंग में खड़ी हुई थी। बस में थोड़ी खराबी देखी गई, जिसके बाद बस को वेल्डिंग के लिए बाहर निकला। वेल्डिंग के दौरान एकदम से बस में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जैसे ही बस में आग लगी तुरंत बाल्टी पानी से भरकर आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन जब आग पर काबू नहीं पाया गया। तो डायल 112 को सूचना दी गई। इसके बाद यहां पर डायल 112 की गाड़ी पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। आपको बता दें की घटना सुबह की है। जब गाड़ी में वेल्डिंग हो रही थी तभी भयंकर आग लग गई। डबल डेकर बस बताई जा रही है। डायल 112 की टीम में मौजूद दीपक का कहना है कि उन्हें सूचना मिली कि बस में आग लग रही है, जिसके तुरंत बाद मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। पल्ला पुलिस प्रभारी समर का कहना है कि सुबह बस में आग लगी जिसकी सूचना डायल 112 माध्यम से मिली। मौक़े पर फायर ब्रिगेड की टीम के साथ आग पर क़ाबू पा लिया गया है। उनका कहना है कि बस में वेल्डिंग हो रही थी जिसके कारण यह आग लगी हालांकि बस में कोई मौजूद नहीं था तो जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103





परिंदे प्यार के अब गीत गाने क्यूं नहीं आते
वफाओं के यहां किस्से नहीं अब लोग दोहराते
मैं आजादी हूं भारत की मेरा हक है ये पूछूंगी
मेरी बर्बादियोंपर क्यूं तेरे आसू नहीं आते

# भाजपा के शासन में महिलाओं को किया गया सशक्त : नायब

## भाजपा ने नीति बनाकर सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर सभी विधानसभा क्षेत्र में किया बराबर का विकास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास हुए हैं। डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करते हुए यहां विकास करवाने का काम किया है,जबकि यहां के विधायक को विकास की पड़ी ही नहीं थी। कांग्रेस की नीति अवैध कॉलोनियां पर अपना घर भरने की रही है, लेकिन मनोहर लाल की सरकार ने सभी कॉलोनियों को अधिकृत कर वहां पर बिजली, पानी, सीवर, सड़क बनाने का फैसला किया और इस फैसले का एनआईटी को काफी लाभ हुआ। फिर भी अगर कुछ समस्या रह गई है तो उसे चार जून के बाद पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए महिलाएं वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं रही। उन्होंने महिलाओं का वोट लेकर महिलाओं का शोषण करने का काम किया। आज जो लोग राहुल गांधी के पास बैठते हैं, वह महिलाओं के प्रति गलत भाषा का प्रयोग करते हैं। जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कदम उठाए। आज हमारी बेटियां सीमा पर देश की रक्षा करने का काम कर रही है और नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में देने का फैसला किया है। बिल पास हो चुका है और अगली योजना से यह लागू हो जाएगा।

नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। अब गरीबों को अपने इलाज की चिंता नहीं सताती आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये का इलाज वह किसी भी बड़े अस्पताल में हर साल करवा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड लोग गरीबों की रेखा से बाहर निकालने में सफल हुए हैं। कोरोना कल को याद करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने आठ महीने से भी कम समय में दो वैक्सीन तैयार करवाई और देश के लोगों को उसे फ्री में लगाने का काम किया। विपक्ष उसे समय भी लोगों को बरगलाने का काम करता था और इसे मोदी वैक्सीन बताकर इस बात का प्रचार करता था कि वैक्सीन लगवाने से उनकी मौत हो जाएगी। जबकि यह लोग खुद कमरे में जाकर वैक्सीन लगवाने का काम करते थे। इन लोगों ने अफवाहें फैला कर गरीब मजदूरों को सड़क पर आने पर मजबूर किया लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन लोगों के लिए ट्रेन चलाकर उन्हें घर भेजने का काम किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को गालियां देने का काम करते थे, लेकिन आज कांग्रेस के भ्रष्टाचार की प्लानिंग का हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति बनाई और प्रदेश के 17 जिलों में मेडिकल कॉलेज या तो बन चुके हैं या बन रहे हैं।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा खुशनुमा पुत्री अंसार कुरैशी निवासी मकान नम्बर ई-628, चौरसिया पान भंडार वाली गली, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद दिनांक 17.04.2024 को बिना किसी को बताए अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, भूरी आँखे, पतला शरीर, कद 4 फुट 8 इंच बा उम्र 15 साल है, जिसने हरे रंग का सूट व सफेद रंग की पजामी और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 163 दिनांक 17.04.2024 धारा 365 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना प्रभारी डबुआ, फरीदाबाद : 9582200155**
**थाना प्रभारी डबुआ, फरीदाबाद : 9292481846**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सुमैया पुत्री मन्सूर निवासी चाँदपुर, थाना छायसा, फरीदाबाद दिनांक 17.04.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 20 साल है, जिसने लाल रंग का फ्रॉक घुटने तक व कमर में नीले रंग की जीन्स और पैरों में सफेद रंग के स्पोर्टस जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 088 दिनांक 17.04.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक थाना छायसा फरीदाबाद : 9416633599, 9582200148, 0129-2209254**

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए केमिकल मुक्त खाद्यान्न बहुत जरूरी : नेहरू

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के तत्वावधान में हुआ सिंपोजियम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राज नेहरू ने कहा कि केमिकल मुक्त खाद्यान्न बहुत जरूरी हैं। देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है, लेकिन भोजन को खाद और कीटनाशकों की भरमार से बचाना बड़ी चुनौती है। इसलिए देश में 10 हजार से भी ज्यादा स्टार्ट अप एग्रीटेक पर आधारित हैं। वह बृहस्पतिवार को स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा कृषि एवं उसके विविध आयाम विषय पर आयोजित सिंपोजियम में



मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कृषि संकाय के विद्यार्थियों से गुणवत्तापरक कृषि के व्यवसाय में आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं। विकसित देशों के सामने बड़ी चुनौती। उनके पास कृषि में काम करने वाले लोग नहीं है। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमारे देश में कृषि को एक दायित्व के रूप में माना जाता था। प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना अन्न उगाएं। हमारा देश इसलिए सोने की चिड़िया कहलाया कि यहां बहुत अन्न पैदा होते थे और बाहर से भी लोग खरीदने आते थे।

डॉ. राज नेहरू ने कहा कि आक्रांताओं ने हमारे कृषि के सिस्टम को बिगाड़ा। किसानों पर टैक्स थोपे गए। हम उत्पादन करते थे, लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे बाहर भेजती थी। लाल बहादुर शास्त्री जी ने अन्न क्रांति को बढ़ावा दिया। किंतु आज केमिकल और खादों का बहुत अधिक प्रयोग हो रहा है। किसान पारंपरिक व्यवथा से मॉडल व्यवस्था की ओर चले गए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि जो हम खाते हैं, बहुत से केमिकल हम अपने अंदर ले लेते हैं। इससे बीमारियां होती हैं। यह बड़ी त्रासदी बनी हुई है। एक दशक में सुरक्षित खाद्यान्न की ओर रुझान बढ़ा है। देश में कृषि आधारित स्टार्ट अप बढ़ रहे हैं।

# अवैध वाहनों में जमकर हो रही ओवरलोडिंग, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

## कम बच्चे बैठाने पर अभिभावकों से की जाती है ज्यादा किराये की मांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कनीना** हादसे के बाद प्रशासन ने बेशक व्यवसायिक वाहनों का स्कूली बच्चों को ले जाने पर पाबंदी के निर्देश दिए हैं, लेकिन धरातल पर इसका पालन नहीं हो रहा है। बच्चे को बेहतर शिक्षा दिलवाने की होड में उनकी सुरक्षा की तरफ न अभिभावकों और न ही निजी स्कूलों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए वाहनों की सुविधा देने के चक्कर में सभी उनके जीवन को खतरे में डाल देते हैं। फरीदाबाद में रोजाना कुछ ऐसा ही मंजर रोज देखने को मिलता है, जहां पर मारुती वैन, टाटा मैजिक, ऑटो में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। इनमें अधिकतर निजी वाहन हैं। ओवरलोडिंग यातायात पुलिस की नाक के नीचे हो रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। बच्चों को स्कूल लाने और वापस घर छोड़ने के लिए लगाई अधिकतर वैन निजी नंबर की हैं व उनका कोई टैक्सी परमिट भी नहीं है। ऐसे में सरकार को हर महीनों हजारों रुपयों का चुना भी लग रहा है। नगर में ही सैकड़ों निजी नंबर के वाहन बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के काम में लगाए गए हैं। खास बात यह है कि अभिभावकों को भी यह जानकारी है कि उनका बेटा वाहन पर लटककर जाता है। इसके बाद भी वे ध्यान नहीं देते हैं।

नगर में स्थित एक दर्जन स्कूलों में लगे 20 से ज्यादा वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जाता है। इन वाहनों की कभी भी न तो पुलिस चैकिंग करती है और न ही परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है। परिवहन विभाग तो वर्षों से दिखाई नहीं दिया। यही वजह है कि स्कूली वाहन संचालक मनमानी कर बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

**आठ सीटर गाड़ी में 15 से अधिक बच्चे बैठाते हैं**

स्कूल जाने और ले जाने के लिए लगाए गए वाहनों में बच्चों की दशा देखकर किसी का भी मन पसीज जाएगा। जिस वाहन में आठ लोगों के बैठने की जगह है, उनमें पंद्रह से अधिक बच्चों को ठूंसा जाता है। साथ में उनके स्कूल बैग भी होते हैं, जिन्हें या तो गाड़ी के ऊपर रख देते हैं या बच्चों को हाथ में पकड़ कर बैठना पड़ता है। यह सब कुछ स्कूल प्रबंधन के सामने होता है, लेकिन शायद ही




कभी किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया हो। बच्चे स्कूल वाहनों के पीछे और दाएं व बांय लटककर जाते हैं।

**बच्चे कम तो रेट ज्यादा :** अभिभावकों की मानें तो उन्होंने इसे लेकर कई बार वाहन के मालिकों से बात करने की कोशिश भी की, लेकिन वे इस स्थिति में किराया बढ़ाने की बात करते हैं। अब ऐसे में उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है। उनका कहना है कि वर्तमान में वाहन चालक उनसे एक हजार से 1200 रुपये किराया प्रतिमाह लेते हैं, लेकिन जब बच्चे की सुविधा के लिए वाहन में भीड़ कम करने को कहते हैं तो वे डबल किराए की मांग करते हैं।

# मोहना मंडी में किसानों व आढ़तियों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला

## नायब तहसीलदार, डीएफएसई, एसएचओ व मार्केट कमेटी का किया घेराव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मोहना** मंडी में फसल का उठान न होने से गुस्साए किसानों व आढ़तियों ने मंडी गेट पर ताला जड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि किसानों व आढ़तियों ने नायब तहसीलदार ओमकार, डीएफएससी सीमा शर्मा, एसएचओ रणवीर सिंह व मार्केट कमेटी सचिव ऋषि कुमार का घेराव किया और उन्हें जे फार्म पर पेमेंट देने की मांग करते हुए चौबीस घंटे का अल्टीमेटम दिया। वहीं पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने मोहना मंडी का दौरा किया और किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिछले दस दिनों से फरीदाबाद में रैलियों को



संबोधित कर रहे है, उन्हें भाजपा प्रत्याशी की जीत की तो चिंता है, लेकिन उन्हें किसानों की कोई चिंता नहीं है।

किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार कतई गंभीर नहीं है, यही कारण है कि मंडियों में किसानों की फसल के रखरखाव को लेकर कोई खास इंतजामात नहीं है, जिससे किसान खासे परेशान है। उन्होंने बताया कि यह फसलों का सीजन चल रहा है, मंडियां गेहूं से लबालब है, माल की तुलाई का यहां कोई खास इंतजामात नहीं है, मंडी में भराई-ढुलाई के लिए लेबर तक नहीं है, जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल फिलहाल अकेले मोहना मंडी में लगभग दस लाख कट्टे भरे हुए है, जो कि लदान की बाट जोह रहे है और अभी तक मात्र 50 हजार कट्टे ही लदान हुए हैं, अगर यही गति चलती रही तो दो महीने में भी पूरी ढुलाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार व मार्केट कमेटी के अधिकारियों को हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि किसानों की फसल खराब न हो और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा पैसा मिल सके। पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि शादी-ब्याह के सीजन में फसल की कीमत ही किसान का सहारा होती है। जिसे समय पर देना चाहिए।

## कार ने स्कूटी को टक्कर मारी, पैर की हड्डी टूटी

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 पर सिंगला पेट्रोल पंप के निकट कार चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया तो कार चालक ने उसके ऊपर कार चढ़ा दी, जिससे स्कूटी सवार के पैर की हड्डी टूट गई। दुर्घटना के बाद कार चालक कुछ देर रूका, लेकिन बाद में कार को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक फरार था। पुलिस ने केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, न्यू कॉलोनी निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि वह 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर ओमैक्स सिटी से कैंप मार्केट दुकान पर आ रहा था। जब उसकी स्कूटी नेशनल हाईवे-19 पर स्थित सिंगला पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी पेट्रोल पंप से एक स्विफ्ट कार चालक कार को लापरवाही से तेज चलाता हुआ लेकर आया और उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर दूर जाकर गिरा।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में अर्थ वीक का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**टीकरी** ब्राहमण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में 22 अप्रैल को होने वाले अर्थ डे के उपलक्ष्य में गुरुवार से टेरा फिर्मा वीक का शुभारंभ किया गया। जिसमें तीसरी से दसवीं कक्षा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। आठवीं कक्षा की छात्राओं मरिश्का व छवि के सुंदर विचारों व नए शब्दों के प्रस्तुतिकरण के पश्चात संस्कृत शास्त्री विपिन वशिष्ठ द्वारा संस्कृत श्लोकों के माध्यम से पृथ्वी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस अर्थ वीक के मुख्य थीम प्लेनेट वर्सीज प्लास्टिक के अंतर्गत थीम कनेक्ट विद नेजर रहा, जिसमें आठवीं कक्षा की छात्रा तृप्ति ने सभी छात्रों को प्रकृति के समीप रहकर प्रकृति-संरक्षण करने की सलाह दी। एक अन्य छात्रा सिमरन ने प्रकृति से संबंधित अनेक तथ्य प्रस्तुत करते हुए कई आवश्यक जानकारी दीं। आठवीं कक्षा के कुछ छात्रों ने अपने मूल



अभिनय के माध्यम से पेड़ों की रक्षा करने के विभिन्न उपायों को सुझाया। इसके साथ ही विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने तथा पर्यावरण को संरक्षित करने के विभिन्न तरीकों से बच्चों को अवगत कराया गया। प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने सभी छात्रों तथा अध्यापकों को शपथ दिलाई, ताकि वे पृथ्वी को सुरक्षित करने के लिए स्वयं जिम्मेदार बनें। कार्यक्रम का समापन पृथ्वी-गान के साथ हुआ।

मंच-संचालन आठवीं कक्षा की छात्रा जीविका ने किया तथा समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की संचालिका दीपशिखा के निर्देशन में साइंस की अध्यापिका प्रीति धारीवाल ने किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

**पलवल।** अलीगढ़ मार्ग पर केजीपी एक्सप्रेस-वे के पुल के निकट ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि इसी हादसे में दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, रामपुर गांव निवासी ज्ञानचंद ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 32 वर्षीय बेटा मोनू रिस्तेदार शेखपुर निवासी सुभाष के साथ बाइक पर किसी निजी कार्य से चांदहट जा रहे थे। बाइक को सुभाष चला रहा था तथा मोनू पीछे बैठा हुआ था। लेकिन जब उनकी बाइक पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर केजीपी पुल के निकट पहुंची तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर बहुत जोरदार थी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर छह जून तक लागू रहेगी धारा 144 : डीसी

## कहा, मंदिर, मस्जिद, चर्च या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** विक्रम सिंह ने कहा कि सीआरपीसी की धारा-144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा 18 अप्रैल से छह जून तक की अवधि के लिए जिला की सीमा के भीतर किया जारी किया गया है। यह आदेश छह जून 2024 तक प्रभावी रहेगा।

जिलाधीश ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसी के मद्देनजर कई विध्वंसक ताकतें/कार्यकर्ता अपने भयावह मंसूबों के साथ सक्रिय होंगे। जो जिला के भीतर शांति को अस्थिर करने का प्रयास करेंगे और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों/निर्देशों का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे। जबकि, पूरी आशंका है कि ऐसे समूह बाधा उत्पन्न करके परेशान करेंगे।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा की कानूनी रूप से सार्वजनिक शांति और अमन-चैन को न भंग करना व दंगों और झगड़े के कारणों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



इसके लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के निर्देशों/दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों और सभी व्यक्तियों द्वारा इन नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा। कोई भी पार्टी या उम्मीदवार या व्यक्ति ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकता है या आपसी नफरत पैदा कर सकता है या विभिन्न जातियों और समुदायों, धार्मिक या भाषाई लोगों के बीच तनाव पैदा कर सकता है। अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना, जब की जाएगी, उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी। पार्टियों और उम्मीदवारों को निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना से बचना चाहिए जो अन्य पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की गतिविधियों से जुड़े नहीं हैं। असत्यापित आरोपों या विरूपण के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना से बचना चाहिए। वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं की अपील नहीं की जाएगी। मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा। सभी दलों और उम्मीदवारों को ईमानदारी से उन सभी गतिविधियों से बचना चाहिए जो भ्रष्ट आचरण और चुनाव कानून के तहत अपराध हैं, जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना शामिल हैं। मतदान समाप्ति के निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान और मतदान केंद्रों से सभी मतदाताओं के परिवहन आदि की व्यवस्था तथा संप्रेषण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति के शांति और निर्बाध घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, भले ही राजनीतिक दल या उम्मीदवार उसकी राजनीतिक राय या गतिविधियों से कितना भी नाराज क्यों न हों। किसी भी परिस्थिति में व्यक्तियों की राय या गतिविधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के माध्यम से उनके घरों के सामने प्रदर्शन वर्जित रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## किसान का बेटा विभांसु यूपीएसी में हुआ चयनित



**फरीदाबाद।** किसान के बेटे विभांसु ने चौथे प्रयास में 772वीं रैंक हासिल की है। विभांसु ने पायनियर को दिए इंटरव्यू में बताया कि तीन बार असफल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी। विभांसु राय सेक्टर-82 पुरी प्राणायम सोसाइटी में अपने मामा राजीव सिंह के पास रहकर तैयारी करते थे। वहीं विभांसु के मामा राजीव सिंह ने बताया कि उनका भांजा मूलरूप से बिहार के गोपालगंज के रहने वाले किसान के बेटे हैं। दो भाई बहनों में विभांसु छोटे हैं। पिछले दस साल से यहां पुरी प्राणायाम में साथ रहकर तैयारी करते थे। तीन बार मेन परीक्षा पास की लेकिन सफल नहीं हो पाए। चौथे प्रयास में इन्हें 772वीं रैंक हासिल हुई। दो साल पहले ही इनकी मां का हार्ट अटैक से निधन हो गया था।

## पुलिस ने एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**पलवल।** सौतेले मां-बेटों में हुए विवाद में दो माह के बच्चे की चोटें लगने से मौत हो गई थी। इसके संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे हत्या में प्रयुक्त प्लास्टिक के पाइप को बरामद कर उसे जेल भेज दिया। बहीन थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत के अनुसार, कोट गांव निवासी रुकसीना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति की पहली पत्नी के बेटे सब्बीर व अमजद उससे रंजिश रखते थे, जिसके चलते आए दिन झगड़ा करते थे, क्योंकि उसके पति अक्सर काम की वजह से घर से बाहर रहते थे। जिसके चलते 28 मार्च को सब्बीर व अमजद ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसमें उसके दो माह का बच्चा घायल हो गया था। घायल बच्चे को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्चे ने दम तोड़ दिया। रुकसीना की शिकायत पर बहीन पुलिस ने इस मामले में पहले मारपीट का केस दर्ज किया था। लेकिन मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद बच्चे की हत्या चोट लगने से पाई गई थी, इसलिए इसमें हत्या की धारा भी जोड़ दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में उप निरीक्षक हरिओम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी सब्बीर को गिरफ्तार करने एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से वारदात में प्रयुक्त प्लास्टिक पाइप बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

## सेक्टर-24 की कंपनी में लगी आग



**फरीदाबाद।** सेक्टर-24 बाबा हृदय राम मंदिर के पास प्लाट नंबर 59 में लगभग शाम चार बजे उस वत आग लग गई, जिस समय मजदूर ग्रैइडिंग मशीन से सीट को काट रहा था। उससे निकली चिंगारी से पास में पड़े केमिकल के ड्राम में आग लग गई। जिसके चलते आसपास रखा सामान जल गया। आग लगी देख कर किसी कर्मचारी ने दमकल विभाग को फोन कर दिया। गाड़ी ने आकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि अगर वक्त रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

## युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**फरीदाबाद।** बीस वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उसका परिजनों के साथ झगड़ा हुआ था। गुस्से में घर से चला गया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी सब इंस्पेक्टर विश्वास सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 20 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है। मृतक सेक्टर-17 में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। पंकज और उसके परिजनों के बीच कहासुनी हो गई। वह मोबाइल फेंक कर घर से स्कूटी लेकर चला गया। गुस्से में उसने परिजनों को आत्महत्या की धमकी दी। परिजनों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचा। स्टेशन पर किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल फोन से परिजनों से संपर्क किया और कहा कि आत्महत्या करने जा रहा है। पहले भी वह ऐसी धमकी दे चुका है। इसलिए परिजनों ने सोचा कि नाराजगी खत्म होने के बाद घर लौट आएगा। सुबह करीब तीन बजे पंकज ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी।

## घर के बाहर खेल रही बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**फरीदाबाद।** घर के बाहर खेल रही डेढ़ वर्ष की बच्ची की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर मौत हो गई। बच्ची खेलते-खेलते घर के बाहर दूसरी सड़क पर चली गई थी। इस दौरान सड़क पर तेज रफ्तार से आ रहा ट्रैक्टर उसके ऊपर से गुजर गया। परिजनों की शिकायत पर थाना छायंसा पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मौजपुर निवासी सोनू ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। उनके दो बच्चे हैं। उनकी डेढ़ साल की बेटी सान्या मंगलवार को घर के बाहर खेल रही थी।

## संवेदनशीलता के साथ पूरी जिम्मेदारी से करें कार्य : नेहा सिंह



**पलवल।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के जिला उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से अब तक की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक की और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण व संवेदनशील है। ऐसे में सभी अधिकारी संयम बरतते हुए पूरी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है तो वह तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवाए, ताकि चुनावों में वोटर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि योग्य नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वे नया वोट बनवाने के लिए 26 अप्रैल तक प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा कराना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करें कि इन वर्गों के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने का आवेदन करते हैं, उनका सभी का घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए। चुनाव का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण व संवेदनशील है। ऐसे में सभी अधिकारी संयम बरतते हुए पूरी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है तो वह तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवाए, ताकि चुनावों में वोटर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि योग्य नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वे नया वोट बनवाने के लिए 26 अप्रैल तक प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में पलवल के एसडीएम एवं एआरओ नरेंद्र कुमार, होडल के एसडीएम एवं एआरओ रणवीर सिंह, हथीन के एसडीएम एवं एआरओ संदीप अग्रवाल, सीटीएम अप्रतिम सिंह, डीआईओ डीपी कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार चुनाव कुलदीप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में कांग्रेस की टिकट राज बब्बर को मिलने की लगातार चर्चाएं

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### टिकट को लेकर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, राव दान सिंह, जितेंद्र भारद्वाज के नामों की भी चर्चा

### रोज चर्चाओं के बीच गुजर जाता है दिन, घोषणा का है इंतजार

**गुरुग्राम** लोकसभा सीट समेत हरियाणा में अभी कांग्रेस ने टिकटों की घोषणा नहीं की है, लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है। कभी कुछ लोकसभा सीटों पर सूची वायरल हो रही है तो कभी किसी नेता के नाम को राजनीति गलियारों में हवा मिल रही है। गुरुग्राम लोकसभा की बात करें तो यहां भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत ड्क्षसह को टक्कर देने के लिए फिल्म अभिनेता एवं सांसद राज बब्बर के चुनाव लडऩे की अटकलें लगाई जा रही हैं।

वैसे उनका गुरुग्राम तो क्या हरियाणा की राजनीति में भी दूर-दूर तक किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर एक तरह से निवर्तमान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कब्जे वाली सीट ही है। वर्ष 2000 से लेकर अब तक राव इंद्रजीत सिंह का ही इस लोकसभा पर कब्जा है। हालांकि वर्ष 2000 यह सीट महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट थे। वर्ष 2009 में यह सीट गुडग़ांव लोकसभा बनीं थी। वर्ष 2014 में कांग्रेस को छोडक़र राव इंद्रजीत ड्क्षसह भाजपा में शामिल हुए और सांसद बनें। 2019 में फिर से बीजेपी ने उन पर दांव लगाया और वे सांसद चुने गए। अब 2024 में भी बीजेपी ने राव इंद्रजीत सिंह को ही चुनाव मैदान में उतारा है। जिस तरह से उनका राजनीतिक कद मजबूत है, इससे साफ है कि उनका तोड़ किसी राजनीतिक दल के पास नहीं है।



राज बब्बर। कैप्टन अजय यादव। राव दान सिंह। जितेंद्र भारद्वाज।

राव इंद्रजीत स्वयं राजनीति दलों की झोली में गुरुग्राम लोकसभा की सीट डालते हैं। जब वे कांग्रेस में थे तो तब कांग्रेस से जीत दर्ज कर रहे थे, अब भारतीय जनता पार्टी में हैं तो अब भी वे ही जीत रहे हैं। एक तरह से यह उनकी पुश्तैनी सीट बन चुकी है। ऐसे में अब कांग्रेस के सामने यह चुनौती तो है ही कि किस प्रत्याशी को यहां से चुनाव मैदान में उतारा जाए जो राव इंद्रजीत सिंह को पटखनी दे सके।

रह-रहकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं फिल्म अभिनेता राज बब्बर के नाम की यहां पर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि राज बब्बर की ना तो यह राजनीतिक कर्मस्थली है और ना ही उनका यहां से कभी कोई रिश्ता-नाता रहा है। संगठन भी इतना मजबूत नजर नहीं आ रहा कि किसी को कहीं से टिकट दे दे और वह जीत दर्ज कर जाए। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर यहीं से ही ऐसा मजबूत नेता चाहिए, जो जीत ना सके तो कम से कम राव इंद्रजीत सिंह को टक्कर जरूर दे। फिलहाल तो ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा है।

राज बब्बर के अलावा यहां से पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, राव दान सिंह, कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज के नाम भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं में चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के मैदान में राव इंद्रजीत सिंह को टक्कर देने वाले नेता की यहां दरकार है। यहां कांग्रेस नेताओं में सिर्फ कैप्टन अजय यादव ही ऐसे नेता हैं, जिन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा है। बाकी राव दान सिंह विधानसभा का ही चुनाव लड़ते रहे हैं।

जितेंद्र भारद्वाज के पास अभी तक चुनाव लडऩे का कोई अनुभव नहीं है। वे संगठन के नेता के रूप में ही काम करते रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत सिंह की राजनीतिक जमीन में सेंधमारी करना कांग्रेस के लिए इतना आसान नजर नहीं आ रहा।

# एसीएस के समक्ष मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने खोल दी पोल



गुरुग्राम की पटौदी-जाटौली अनाजमंडी में निरीक्षण करते हरियाणा के वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला के प्रशासकीय अधिकारी अनुराग रस्तोगी, साथ में डीसी एवं अन्य अधिकारी।

### मंडी से फसल उठान में ट्रांसपोर्टर के स्तर पर हो रही देरी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला के प्रशासकीय अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने गुरुवार को पटौदी-जाटौली व फर्रूखनगर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मार्किट कमेटी के अधिकारियों व आढ़तियों ने एसीएस के समक्ष फसल उठान में ट्रांसपोर्टर की ओर से की जा रही देरी का विषय रखा। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संबंधित ट्रांसपोर्टर को फसल उठान के लिए 10 अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसीएस अनुराग रस्तोगी के गुरुग्राम आगमन पर डीसी निशांत कुमार यादव ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण दौरे में मंडियों में गेहूं व सरसों की फसल की आवक व उठान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। अनुराग रस्तोगी ने कहा कि गेहूं के सीजन में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारू रुप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार कर दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण दौरे में मंडी में मौजूद किसानों से वहां दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का फीडबैक लेकर व्यापारियों से भी खरीद कार्य, उठान कार्य के बारे में बातचीत कर, खरीद कार्यों में ओर सुधार लाने के लिए किसानों, व्यापारियों और अधिकारियों से सुझाव भी लिए। निरीक्षण दौरे में यह विषय भी आया कि सिवाड़ी स्थित हरियाणा वेयर हाउस के गोदाम में पांच अनलोडिंग पॉइंट है। जिसमें से गुरुग्राम जिले के लिए केवल दो पॉइंट्स ही इस्तेमाल में लाए जा रहे हैं। वहीं बाकी तीन पॉइंट्स पर अन्य जिलों का माल उतारा जा रहा है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को सिवाड़ी में दो अन्य पॉइंट्स की व्यवस्था गुरुग्राम जिला के लिए करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार फर्रूखनगर से उठान किए जाने वाली फसल को फाजिलपुर में स्थित गोदाम में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन खरीद एजेंसियों ने गेंहू की खरीद कर ली है। वे मार्किट कमेटी के अधिकारियों के साथ बैठक कर मंडी में बाहर रखे अनाज को मंडी में बने टीन शेड्स के नीचे स्टैकिंग करें, ताकि किसानों की तय समय मे उनकी पेमेंट राशि भेजी का सके। खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को एसीएस ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों की फसल खरीद के लिए पूरी तरह संजीदा है। किसानों सहित आढ़तियों को आने वाली दिक्कतों के समाधान के लिए प्रशासन हर समय तैयार है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मंडी में फसल की खरीद उसका उठान नियमानुसार समय पर किया जाए। इस अवसर पर मार्केटिंग बोर्ड की जोनल एडमिनिस्ट्रेटर मीतू धनखड़, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, मार्किट कमेटी पटौदी के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी विपिन यादव, जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी विनय यादव, हैफेड के डीएम राजेन्द्र गिल सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# बुलेट पर होकर सवार लक्ष्मी स्वेच्छा से कर रही बीजेपी का प्रचार

### बुलेट रानी राज लक्ष्मी मंदा ने मोदी को फिर से पीएम बनाने को मांगे वोट

### जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ किया जोरदार स्वागत

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**बुलेट** रानी के नाम से फेमस तमिलनाडु की राजलक्ष्मी मंदा बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करते हुए गुरुवार को गुरुग्राम पहुंची। वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के मिशन के साथ 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली बुलेट रानी का यहां भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जिला उपाध्यक्ष सुन्दरी खत्री, जिला सह-



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में बुलेट रानी का स्वागत करते जिला अध्यक्ष कमल यादव व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता।

मीडिया प्रमुख पवन यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक निर्मल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया यादव का स्वागत किया।

इस दौरान पत्रकार वार्ता में बुलेट रानी राज लक्ष्मी मंदा ने कहा कि मदुरई से 12 फरवरी को बुलेट बाइक यात्रा शुरू की थी। अब तक मदुरई से दिल्ली तक 65 दिनों में 21 हजार किलोमीटर का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि मेरा एक मात्र एजेंडा तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मदुरई से शुरू हुई यात्रा पॉन्डिचेरी, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तसीगढ़ उड़ीसा, झारखंड, बिहार होते हुए यूपी और यूपी से अब हरियाणा के गुरुग्राम में वे पहुंची हैं। यात्रा का अंतिम पड़ाव गुरुवार को ही दिल्ली में होगा। बुलेट रानी ने बताया कि वह मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लेकर निकली हैं। 65 दिनों में 15 राज्यों से होते हुए यहां आई हैं। सभी राज्यों में उन्हें पूरा मान-सम्मान और समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि स्वयं बुलेट पर चलती है और उनके साथ कुछ साथी भी हैं जो ट्रक में साथ चल रहे हैं। श्रीमती मंदा ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी 400 पार का लक्ष्य जनसमर्थन से अवश्य पूरा करेंगे। राज लक्ष्मी मंदा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वह जनता से वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। भारत का पूरे विश्व में मान सम्मान बढ़ा है। देश भर में प्रधानमंत्री मोदी की लहर है और दक्षिण में भी इस बार भाजपा का डंका बजेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों से बिना भेदभाव के देश की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसलिए आम आदमी स्वयं ही भाजपा के प्रचार में जुटा है। सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए पीएम मोदी हर वर्ग को सशक्त कर रहे हैं। पीएम मोदी के कार्यों ने बुलेट रानी को काफी प्रभावित किया है, इसलिए वह 21 हजार किलोमीटर की यात्रा करके यहां पहुंची है भाजपा का प्रचार कर रही हैं।

# दीप्ति रोहिल्ला ने यूपीएससी में 39वां रैंक हासिल किया

**गुरुग्राम।** यूपीएससी की परीक्षा में 39वां रैंक हासिल करने वाली दीप्ति रोहिल्ला पुत्री अंजू रोहिल्ला एवं कमल सिंह रोहिल्ला को रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा गुरुग्राम के फूलचंद वर्मा व उपप्रधान महताब सिंह रोहिल्ला ने घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं।



यूपीएससी में 39वां रैंक हासिल करने वाली दीप्ति रोहिल्ला को शुभकामनाएं देते रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा गुरुग्राम के फूलचंद वर्मा व उपप्रधान महताब सिंह रोहिल्ला। साथ में परिजन।

वर्तमान में मारुति कुंज गुरुग्राम में रह रहे कमल सिंह रोहिल्ला मूलरूप से दिल्ली के टीकरी कलां गांव के रहने वाले हैं। मारुति उद्योग में सीनियर इंजीनियर कमल सिंह ने बेटी दीप्ति रोहिल्ला को अच्छी शिक्षा दिलाकर यूपीएससी की तैयारी कराई और दीप्ति ने अपना टैलेंट दिखाते हुए ऑल इंडिया 39वां रैंक हासिल किया है। फूलचंद वर्मा व महताब सिंह रोहिल्ला ने दीप्ति रोहिल्ला को घर पहुंचकर बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को समाज में आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है। हर समाज में बेटियों को शिक्षित किया जाना बहुत जरूरी है। क्योंकि हमारी बेटियों ने हमारा नाम रोशन किया है। उन्होंने पूरे रोहिल्ला टांक समाज की ओर से दीप्ति एवं उसके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी। दीपित के उज्जवल भविष्य की कामना की। व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने भी दीप्ति रोहिल्ला को यूपीएसपी में 39वां स्थान मिलने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां प्रतिभावान हैं, यह यूपीएससी के परिणाम में फिर से साबित हो गया। उन्होंने समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि बेटियों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

# चुनाव के दौरान लाइसेंस वालों को भी जमा करवाने होंगे हथियार

### जिलाधीश द्वारा जिला में लागू है धारा 144

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लोकसभा** के लिए होने वाले आम चुनाव को देखते हुए जिला के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हुए हैं। इसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का हथियार अपने साथ नहीं रख सकता। ये आदेश लोकसभा चुनाव पूरा होने तक लागू रहेंगे। जिलाधीश के निर्देशों के अनुसार जिला के सभी लाइसेंस हथियार धारकों को संबंधित थानों में हथियार जमा करवाने जरूरी हैं।

जिलाधीश एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार लिए पाया जाता है तो उसे आम जनता के लिए खतरनाक





मानकर अपराध समझा जाएगा। जिला में कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्र, बरछी, भाला, चाकू, लाठी, साईकिल की चेन और किसी भी प्रकार की चीज जो हथियार के रूप में प्रयोग हो सके, को अपने साथ नहीं रख सकता है। जिसके लिए दोषी व्यक्ति को धारा 144 के तहत अपराधी मानकर दण्डित किया जा सकता है।

जिलाधीश के निर्देशानुसार इंडियन पैनल कोड 1973 की धारा 144 के तहत चुनाव प्रक्रिया के समय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह आदेश जारी किए गए हैं और इन आदेशों के अनुसार केवल पुलिस कर्मी और ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों को छूट दी गई है।

# रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य बने समाजसेवी अजय शर्मा

### रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य बनने पर सचिव विकास कुमार ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुडग़ांव** विकास मंच एवं ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से लंबे समय से समाज सेवा में सक्रिय अजय शर्मा सेवा कार्यों को और अधिक गति देने के लिए जिला रेड क्रॉस सोसायटी से जुड़े हैं। आजीवन सदस्य के रूप में उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्यता ली है। रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

सचिव विकास कुमार ने कहा कि रेड क्रॉस सेवा का एक बहुत बड़ा माध्यम है। युद्ध में घायलों की मदद के लिए गठित की गई यह संस्था अब समाज में हर स्तर पर सेवाएं दे रही है। निष्काम भाव से सेवा करना ही रेड क्रॉस के सदस्यों की प्राथमिकताओं में रहता है।उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के साथ जुडक़र युवा जनसेवा के क्षेत्र में काम करें। हमें अपने साथ समाज के लिए भी कुछ सोचना



अजय शर्मा को आजीवन सदस्यता का पत्र सौंपते रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार।

चाहिए। इसके लिए अजय शर्मा जैसे ऊर्जावान युवा भी प्रेरणा स्रोत हैं। समाज सेवी अजय शर्मा ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं कि रेड क्रॉस की सेवाएं समाज में अनुकरणीय रहती हैं। रक्त दान, दिव्यांगों के लिए उपकरण समेत अनेक प्रकार से रेड क्रॉस सेवाएं देता हैं। वे भी समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़े हैं। इसलिए रेड क्रॉस के साथ मिलकर सेवाओं को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के युवाओं में सामाजिक सेवाओं के प्रति रेड क्रॉस के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों व अधिकारियों की 25 अप्रैल से होगी ट्रेनिंग

### राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दी जाएगी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लोकसभा** चुनाव के लिए पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में 25 से 28 अप्रैल तक रोजाना तीन चरणों में ईवीएम मशीन तथा मतदान प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि निर्वाचन विभाग से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सभी पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र कुमार व



डीसी निशांत कुमार यादव।

रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत की रहेगी। डीसी ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे पटौदी विधानसभा क्षेत्र, 26 अप्रैल को इसी प्रकार तीन चरणों में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र, 27 अप्रैल को गुरुग्राम एवं 28 अप्रैल को सोहना विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त होने वाले पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1270 पोलिंग बूथ हैं। इन सभी पोलिंग बूथ के अलावा रिजर्व में रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को यह ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाना एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है। इसलिए जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की बतौर पीओ और एपीओ की ड्यूटी लगाई गई है, वे मतदान शुरू करवाने से लेकर इसे पूर्ण करवाने तक की प्रक्रिया को ध्यान से समझें। कोई सवाल मन में है तो उसे अवश्य पूछें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन चारों दिन ट्रेनिंग में ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट पेपर यूनिट, वीवीपैट मशीन, अपने बूथ को संभालना, मतदान प्रक्रिया से संबंधित फार्मों को भरना, मतदान किट को ग्रहण करना और सामान वापस जमा करवाना आदि के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा।

# डोर टू डोर में मिली गलतियों पर एजेंसी के सुपरवाइजर और कर्मचारियों को लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद कार्यकारी अधिकारी ने शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डों का दौरा किया। दौरे के दौरान डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी के कर्मचारियों के कार्य में लापरवाही बरते जाने पर फटकार लगाई। शहर के मंगलनगर में स्थित बरसाती नाले की तुरन्त प्रभाव से सफाई करने के निर्देश जारी कर दिए है।

नगर परिषद की कार्यकारी अधिकार सुमन लता ने सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र कुमार और सुपरवाइजरों के साथ लेकर शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्यकारी अधिकारी ने शहर के उन स्थानों का औचक निरीक्षण किया। जहां-जहा जलभराव होता है। ताकि प्राथमिकता के आधार पर उक्त स्थानों पर बनी समस्या का सामाधान हो सके।

कार्यकारी अधिकारी ने वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी का दौरा किया। कॉलोनी में से जा रहा बरसाती पानी के नाले का भी औचक निरीक्षण किया। नाला गंदे पानी से लबालब



गुरुवार को सोहना नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी सुमन लता शहर के अंदर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करते हुए।

भरा देख मौके पर मौजूद सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव को तुरन्त प्रभाव से नाले की सफाई कराने के आदेश दिए गए। आदेशों की पालना के 24 घंटा में नाले की सफाई कराना अतिआवश्यक बताया।

**डोर टू डोर व्यवस्था मिली खराब :** डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य कर रही पूजा कंश्यूलेशन एजेसी के कर्मचारी व सुपरवाइजरों को मौके पर ही फटकार लगाई। कूड़ा हर दिन न उठाएं जाने की शिकायत अधिकारी को वार्ड निवासियों से मिली। एजेसी कर्मचारियों को मौके पर ही चेतावनी देते हुए लापरवाही को छूट न देने की चेतावनी दी गई।

> “ **शहर** में सफाई व्यवस्था और डोर टू डोर में जांच के दौरान मिली खामियों को जल्द दूर किया जाएगा। सफाई और डोर टू डोर मामले में संबंधित सुपरवाइजर और अधिकारियों को मिली समस्याओं को दो से तीन दिन में गलतियों को दूर करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दे दिए है।
>
> **( सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप )**

# नगर निगम का दावा, हॉर्टिकल्चर वेस्ट का नियमित किया जा रहा उठान

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम का दावा है कि पतझड़ के मौसम के चलते निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न हो रहे हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से नगर निगम की बागवानी शाखा द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित रहकर कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा हॉर्टिकल्चर वेस्ट उठान के लिए जारी किया गया वाट्सएप हेल्पलाईन नंबर-7290076135 भी लगातार एक्टिव है। नागरिक इस पर प्रतिदिन शिकायतें भेज रहे हैं। प्राप्त शिकातयों का समाधान भी निगम टीमों द्वारा तत्परता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। वीरवार को सेक्टर-12ए, सुशांत लोक-1, सेक्टर-15 पार्ट-2, पटेल नगर, सेक्टर-4, सेक्टर-10, सेक्टर-10ए, सेक्टर-39, न्यू कॉलोनी, सेक्टर-5, फ्रेंड्स कॉलोनी, सिविल लाईंस सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। टीमों ने सडक़ों के किनारों, पार्कों



गुरुग्राम में हॉर्टिकल्चर वेस्ट उठाते नगर निगम के कर्मचारी।

सहित अंदरूनी सडक़ों पर पड़े हॉर्टिकल्चर वेस्ट को उठाया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा गत दिनों बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार को कड़े निर्देश दिए थे कि निगम क्षेत्र में इधर-उधर फैले हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान नियमित रूप से किया जाए। पतझड़ का मौसम होने के कारण पेड़ों के पत्ते झड़ रहे हैं और उनमें आग लगने की घटनाएं भी हो रही हैं। निगमायुक्त द्वारा शहरवासियों से भी बार-बार अपील की जा रही है कि वे पत्तों आदि में आग ना लगाएं। अगर कहीं पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट पड़ा हुआ है तो उसका उठान करवाने के लिए वाट्सएप हेल्पलाईन नंबर पर शिकायत भेजें।

# सोहना मंडी में सरसों की आवक 50 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** अनाज मंडी में सरसों की आवक 50 हजार क्विंटल से पार पहुंच गई है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल 17 मई तक सरसों की आवक 30 हजार 620 क्विंटल अधिक हुई है। क्षेत्र के किसानों द्वारा सरकार को बेचने के लिए स्थानीय अनाम मंडी में सरसों की आवक 50 हजार क्विंटल को कूद गई है। 27 अप्रैल से अब तक कुल सरसों की आवक 50 हजार 214 क्विंटल हुई है। पिछले साल 17 अप्रैल तक सरसों की कुल आवक 19 हजार 594 क्विंटल हुई थी।

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल अब तक 30 हजार 620 क्विंटल सरसों की आवक अधिक हो चुकी है। इस बार सरसों की खरीद के लिए सरकार की तरफ से हेफेड और हरियाणा कॉपरेशन वर्कर्स एजेंसी को गेहूं व सरसों की खरीद की जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन हेफेड सरसों तथा वेयर हाउस गेहूं की सरकारी खरीद में अधिक जोर दे रही है। हेफेड ने अब तक कुल 35 हजार 104 क्विंटल सरसो की खरीद की है। जबकि वेयर हाउस ने इससे भी लगभग तीन गुणा



सोहना की अनाज मंडी में लगे सरसों से भरे कट्टे।

से कम 8 हजार 847 क्विंटल की ही खरीद की है।

**उठाव पहुंचा 21 हजार :** हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस द्वारा अब तक स्थानीय अनाज मंडी से सरसों का कुल उठाव 31 हजार 620 क्विंटल का किया है। जिसमें हेफेड ने 19 हजार 503 क्विंटल तथा वेयर हाउस ने 1650 क्विंटल सरसों का उठाव कराया है। अभी स्थानीय मंडी में उठाव से अधिक सरसों यहा की फड़ों पर 28 हजार 161 क्विंटल सरसों का उठाव होना बाकी है। लगभग 50 फीसदी खरीद गई सरसों टीन सैड के नीचे लगी है। पहले खुले आसमान के नीचे लगी सरसों का उठाव किया जा रहा है। ताकि मौसम खराब होने पर सरकार को खुले में लगे सरसों से भरे कट्टों का किया जा रहा है।

> “ **सरसों** का उठाव ठेकेदार द्वारा तेज कर दिया है। जिससे पिछले करीब पांच दिन में 8 से 10 हजार क्विंटल सरसों का उठाव हुआ है। गोदाम पर सरसों से भरे कट्टों को उतारने समय लग रहा है।
>
> **( मुकेश कुमारी-खरीद अधिकारी हेफेड )**

> “ **सरसों** और गेहूं की आवक में कमी आई है। किसान अब अपनी फसल को बिकी के दौरान परेशान नहीं है। आवक से लेकर उठाव तक का कार्य सही चल रहा है।
>
> **( सुनीता देवी-सचिव मार्केट कमेटी )**

**सरसों की आवक हुई कम :** स्थानीय अनाज मंडी में पिछले 21 दिन से लगातार चल रही सरसों की आवक कम होने लगी है। बुधवार को कुल 483 क्विंटल सरसों किसानों द्वारा लाकर बेची गई। एक दिन में आने वाली कुल सरसों की आवक पिछले एक सप्ताह से 500 के लगभग ही रहने लगी है।

# नूंह में सीएम फ्लाइंग ने मारे छापे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**निरीक्षक** सतेन्द्र कुमार मुख्यमंत्री उडनदस्ता की अगुआई में मय स्टाफ के कृषि उपनिदेशक कार्यालय नूंह व साथ लगते सहायक कृषि अभियंता शाखा नूंह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार नूंह को डयूटी मजिस्ट्रट के तौर पर साथ रहे। औचक निरीक्षण के दौरान कृषि उपनिदेशक कार्यालय में क्लर्क लोकेश हाजिर मिला। इस कार्यालय में कुल 16 स्थाई व अस्थाई कर्मचारी नियुक्त हैं। जिनमें से 10 कर्मचारी गैर हाजिर मिले जिनका विवरण इस प्रकार से है:-



**स्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** 1. विरेन्द्र देव आर्य डीडीए, मित्तल तकनीकी सहायक, अब्दुल वहीद फील्ड मैन, आरिफ खान फिल्ड मैन, युसुफ खान फिल्ड मैन, समीम अहमद चालक

**अस्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** 1. सुशील कुमार प्रोजेक्ट अधिकारी, रासिद खान डीईओ, मोहित शर्मा डीईओ, 4. अनिल सुपरवाईजर

**सहायक कृषि अभियंता शाखा नूंह :** इस कार्यालय में 6 कर्मचारी गैर हाजिर मिले, जिनका विवरण इस प्रकार से है:-

**स्थाई गैर हाजिर कर्मचारी:** द्रवेश कौशिक जे.ई. के अलावा

**अस्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** दीपक कुमार डीईओ, नितिन शर्मा चालक, जयंती प्रसाद ऑफिस अटेन्डेन्ट, मोहम्मद साहिद सुपरवाईजर व संदीप शर्मा स्वीपर शामिल हैं।

उक्त दोनों कार्यालयों में रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। वर्ष 2023 - 24 में खाद बीज की दुकान के लाईसेंस हेतु 436 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 430 लाईसेंस जारी किए जा चुके हैं। 2 आवेदन रिजेक्ट कर दिये गये, 4 पेंडिग है, जो प्रोसेस में हैं। कार्यालय में अब तक कुल 791 सीएम विण्डो शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 663 शिकायतें डिस्पोज ऑफ की जानी प्राप्त हुई है। 100 पर कार्रवाई जारी है। 26 की एटीआर सेन्ट की गई, 2 नई शिकायतें पाई गई। 96 शिकायतें ओवर डयू पाई गई। जिनकी जिम्मेवारी अजय कुमार क्वालिटी कन्ट्रोल निरीक्षक व विरेन्द्र देव आर्य डीडीए की बनती है। सीएम विन्डो परिवाद व गैर हाजिर अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के लिऐ निदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग सैक्टर 21 पंचकूला के लिऐ लिखे जाने की अनुसंशा की गई है।

**बीडीपीओ कार्यालय नूंह :** स.उप.नि मनोज कुमार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी की अगुआई में मय स्टाफ के साथ बीडीपीओ कार्यालय नूंह में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार इण्डरी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजेश टीवाना बीडीपीओ इण्डरी के पास नूंह व सोहना का अतिरिक्त चार्ज है। बताया गया कि बीडीपीओ राजेश टीवाना जींद अदालत में गए हुए है। कार्यालय में कुल 9 कर्मचारी गैर हाजिर मिले। जिनका विवरण इस प्रकार है –

**स्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** नासिर कनिष्ठ अभियंता, खालिद कनिष्ठ अभियंता

**अस्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** तसलीम कनिष्ठ अभियंता (एचकेआरएन), ईरसाद कनिष्ठ अभियंता (एचकेआरएन), अलीशेर कनिष्ठ अभियंता (एचकेआरएन), श्रीमती चंचल सहायक लेखाकर (एचकेआरएन), सारंग कम्प्यूटर ऑपरेटर पार्ट-1, वकील कनिष्ठ अभियंता (एचकेआरएन), सरफराज कनिष्ठ अभियंता (एचकेआरएन)

निरीक्षण उपरांत पाया गया कि कार्यालय में 2 महीने से अधिक समय की 92 व 1 महीने से अधिक की 14 सीएम विन्डो शिकायतें लंम्बित पाई गई। एक शिकायत जनसंवाद की 15 दिन से अधिक समय से लंम्बित पाई गई। इनकी जिम्मेवारी राजेश टिवाना बीडीपीओ की बनती है। लंम्बित शिकायतों व गैर हाजिर कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हेतु महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग चंण्डीगढ को लिखे जाने की अनुसंशा की गई है।

**सिंचाई व जल संसाधन विभाग नूंह :** स.उप.नि मनोज कुमार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी की अगुआई में मय स्टाफ के साथ सिंचाई व जल संसाधन विभाग नूंह कार्यालय में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार इण्डरी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुल 3 कर्मचारी गैर हाजिर मिले। जिनका विवरण इस प्रकार है –

**स्थाई गैर हाजिर कर्मचारी :** सलीम एस.डी.सी., मोहम्मद जफ्फार डीएचडी, 3. राजू मैट शामिल हैं।

अस्थाई गैर हाजिर कर्मचारी कोई नहीं मिला।

निरीक्षण उपरांत पाया गया कि जिला उपायुक्त नूंह से प्राप्त शिकायतों में 2 शिकायतें लंम्बित पाई गई व सीएम विन्डो की ओवर डयू 15 शिकायतें लंम्बित पाई गई। जिनकी जिम्मेवारी मुकुल कथुरिया एक्शन सिचाई एवं जल संसाधन विभाग नूंह की बनती है। लंम्बित शिकायतों व गैर हाजिर कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हेतु कमिश्नर कार्यालय मिनी सचिवालय चंण्डीगढ को लिखे जाने की अनुसंशा की गई है।

# भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की अनुमति नहीं दे रही सरकार

## हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान,नोटिस भेज मांगा जवाब, अधिकारियों में हड़कंप

**तावडू।** नूंह की ग्राम पंचायत बिस्सर- अकबरपुर में भू माफियाओं और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की बेसकीमती भूमि को कोड़ी के भाव हथियाना से संबंधित भ्रष्टाचार का मामला अब हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। एंटी करप्शन गुरुग्राम की जांच के बाद मुख्य सचिव कार्यालय में एक अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार हेतु कार्रवाई की अनुमति नहीं मिलने पर हाई कोर्ट ने एक याचिका पर संज्ञान ले लिया है।जिसके मुताबिक सरकार को नोटिस जारी कर आगामी 29 अप्रैल तक जवाब मांगा गया है।माना जा रहा है कि करोड़ों रुपए भूमि भ्रष्टाचार के उजागर होने से कई वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिरेगी।यह मामला पंचायत की शामलात भूमि का नियमों की अनदेखी कर गलत तरीके से मालिकाना हक देने का है।

करोड़ों रुपए भूमि भ्रष्टाचार मामले में शिकायत करने वाले तस्बीर शर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक गुरुग्राम टीम ने जांच के बाद एक रिपोर्ट तैयार की थी।मामला वरिष्ठ आईएस अधिकारी पर आरोप होने के चलते नियम 17 एक के तहत मुख्य सचिव कार्यालय से अनुमति कार्रवाई के लिए बीते साल दिसंबर माह में अनुमति मांगी गई थी। लेकिन तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव कार्यालय से नियम 17 एक के तहत कार्रवाई की स्वीकृति मिली।इसके बाद शिकायकर्ता ने बीते 22 मार्च को अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका लगाई। जिस पर बीते चार अप्रैल को महावीर सिंह सिंधू की अदालत में सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी कर आगामी 29 अप्रैल तक जवाब देने को कहा है। शिकायतकर्ता का यह भी दावा है कि सरकार की ओर से भी पैरोकार अधिवक्ता ने हरियाणा सरकार के डीजीपी मुख्य सचिव डीजीपी विजिलेंस समेत एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम पुलिस अधीक्षक को पत्राचार भी पत्राचार कर दिया है।जिसमें सभी को कोर्ट के आदेशों के मुताबिक रिपोर्ट देने को कहा है।इसके बाद से ही अब संबंधित अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।इस केस में आगामी सुनवाई अब 29 अप्रैल को होनी है।

बता दें शिकायतकर्ता तस्बीर शर्मा निवासी गुरूग्राम के मुताबिक 2017-18 में नूंह के तत्कालीन उपायुक्त ने जमीन के नाम पर उनके साथ 51 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया। उपायुक्त ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए एक अन्य भू-माफिया से मिलीभगत कर ग्राम पंचायत बिस्सर अकबरपुर की 50 एकड़ से अधिक पंचायत भूमि का गलत तरीके से अपने सगे संबधियों को मालिकाना हक देकर उसकी एवज में करोडों रुपए ऐंठ भ्रष्टाचार किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली का शार्ट सर्किट होने से लगी आग एटीएम मशीन हुई राख



गुरुवार को भोंडसी के मारुति कुंज मार्ग पर लगा एटीएम में लगी आग।

**सोहना।** भोंडसी की मारुति कुंज मार्ग पर लगा एक्सीस बैंक के एटीएम में आग लगने से पूरी मशीन जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण एटीएम में हुआ बिजली का शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। सेक्टर 29 गुरुग्राम से आई अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग पर काबू किया गया। गुरुवार की दोहपर बाद सायं साढ़े चार बजे मारुति कुंज भोंडसी के मार्ग पर एक्सीस बैंक का एटीएम लगा है। जिसमें अचानक से आग लगने का धुंआ बाहर निकलता राहगिरों को नजर आया। एटीएम मशीन सड़क किनारे बनी दुकान में लगी हुई थी। उसकी पहली मंजिल पर मकान बना है। मकान में रहने वाले का जैसे ही धुंआ उठता नजर आया। उन्होने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस और सेक्टर 29 गुरुग्राम से अग्निशमन विभाग की गाड़ी घटना से करीब 35 मिनट देरी से मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग को करीब 10 मिनट में काबू कर लिया। आग लगने का कारण एटीएम मशीन में हुआ शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। एटीएम में कितनी नकदी थी। इसका खुलाशा नहीं हो सका है। जिसकी जांच करने के बाद ही मालूम हो सकेगा।

## वाहन की चपेट में आने से घायल युवक ने दम तोड़ा, केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत बिलासपुर मार्ग पर गांव झामुवास के नजदीक अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से घायल युवक ने दम तोड़ दिया।जिसकी पहचान राजन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी केमाहीरा खोरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पीड़ित साजन कुमार ने बताया कि भाई राजन कुमार का स्वास्थ्य ठीक नहीं था,जिसके चलते वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर तावडू की एक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचा था। बताया कि शाम 8.00 बजे बिलासपुर मार्ग पर चौहान फिलिंग स्टेशन के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राजन गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे स्थानीय लोगों और एक साथी की मदद से अस्पताल में ले जाया गया।जहां पर चिकित्सकों ने राजन कुमार मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## चोरी कर रहे युवक को रंगे हाथों दबोच पुलिस को सौंपा

**तावडू।** नगर की एक कबाड़ी की दुकान से लोहे की प्लेट चुरा रहे एक बदमाश को मोटरसाइकिल सहित दबोच कर पुलिस को सौंपने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक की पहचान रुकमुद्दीन पुत्र अब्दुल रजाक निवासी कांगरका के रूप में हुई है जिसके विरुद्ध शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। तावडू राधे नगर के रहने वाले अली मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने एक कबाड़ी की दुकान की हुई है। बुधवार को दुकान पर सोए हुए थे तभी मोटरसाइकिल की आवाज सुनाई दी। बाहर निकल कर देखा तो एक युवक मोटरसाइकिल पर दुकान से लोहे प्लेट चोरी कर ले जा रहा था। उन्होंने शोर मचाते हुए 112 नंबर पर कॉल कर बदमाश को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। थोड़ी देर बाद पुलिस के पहुंचने पर युवक को मोटरसाइकिल सहित सौंप दिया।शहर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## 27 वर्षीय मजदूर महिला के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 27 वर्षीय विवाहित महिला के साथ गांव के ही व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने का मामला प्रकाश में आया है। फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर उपरोक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने दी शिकायत में बताया की में अपने पति के साथ मजदूरी के लिए भूसा भर रहे थे। अचानक कासम पुत्र ईदू आया और आते ही उसने छेड़छाड़ शुरु कर दी और मेरे गुप्तांगों में भी हाथ डाला और जबरदस्ती करने लगा। में अपने आपको बचाने के लिए जोर जोर से चिल्लाने लगी तो कासम ने मुझे जान से मारने की धमकी दी और कहा कि अगर कानूनी कार्यवाही की तो तुझे व तेरे परिवार वालों को भी जान से खत्म कर देगें या तुझे बदनाम करके गांव में नही रहने देगें। बाबत घटना के संदर्भ में 112 डॉयल पर कॉल की तो मौके पर पुलिस आई और कासम के घर पुलिस जाने पर वह मौके से फरार हो गया। थाना प्रबंधक अमन सिंह ने बताया कि कासम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से वोटिंग का चुन सकते हैं विकल्प



**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने एरिया में यह सुनिश्चित करें कि उनके गांवों में ऐसे कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। भारत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि बीएलओ द्वारा युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल तक एक अप्रैल 2024 की आधार तिथि के अनुसार 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा अपना वोट बनवाकर आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्तमान में वोट ट्रांसफर के लिए आवेदन किया जा सकता है, जिन मतदाताओं को अपने वोट अन्य स्थान पर ट्रांसफर करवाना है, वह भी चुनाव आयोग की वेबसाइट, या एप के माध्यम से या फिर जिला चुनाव कार्यालय या बीएलओ के पास ऑफलाइन मोड से निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन कर सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै, कृष्णा पत्नी स्व0 सिंगा नाथ निवासी गांव नंगला मोटूका (194), जिला फरीदाबाद ने अपने पुत्र सूरज व पुत्रवधु कुसुम जो मेरे कहने से बाहर हैं, गाली गलौच, लड़ाई झगड़ा के कारण इनको अपनी तमाम चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# एटीएम व बैंकों में ग्राहकों को मतदान करने के लिए किया जा रहा जागरूक

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बैंक अधिकारी व कर्मचारी कर रहे ग्राहकों से मतदान की अपील

**नूंह।** लोकसभा आम चुनाव के लिए 25 मई, 2024 को होने वाले मतदान में नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग्टा ने बताया कि चुनाव में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान बारे जागरूक करने के लिए जिला नूंह में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला की सभी बैंक शाखाओं व एटीएम में पोस्टर चस्पा किए गए हैं, जिनके माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में 17 बैंकों की करीब 92 बैंक शाखाएं हैं, जहां पर बैंक ग्राहकों को मतदान की तिथि याद दिलाने तथा वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर चस्पा किए गए हैं। इन बैंकों में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की 32 शाखाएं भी हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों को आवागमन रहता है। इन स्थानों पर पोस्टर, बैनर से मतदाता भी जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी बैंक अधिकारियों व प्रबंधकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी ब्रांच में बैंक कार्य से आने वाले ग्राहकों को लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 25 मई के बारे में जानकारी दें और उनसे वोट डालने की अपील अवश्य करें, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में भी मतदाता भागीदार बन सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है, इसलिए नागरिकों के मताधिकार के प्रयोग के बिना यह पर्व अधूरा है। जनता को हर पांच वर्ष बाद यह अवसर मिलता है, इसलिए इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# रनियाला पटाकपुर में दबंगों ने दुकानदार पर जानलेवा हमला कर किया चोटिल

## दबंगों ने दुकान से की लूटपाट और तेईस हजार रुपए की नगदी छीनी

## पीड़ित का आरोप दबंग किस्म के लोग लंबे समय से धर्म परिवर्तन का बनाते थे दबाव

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**पिनगवां** थाना अंतर्गत क्षेत्र के गांव रनियाला पटाकपुर में दबंगों द्वारा एक दुकानदार पर जानलेवा हमला कर चोटिल करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पीड़ित संतराम पुत्र रामचन्द निवासी रनियाला पटाकपुर थाना पिनगवां में दी अपनी शिकायत में बारह नामजद एवं पच्चीस - तीस अन्य आरोपियों के खिलाफ शिकायत देकर सखूत कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बीते मंगलवार रात्रि साढ़े दस बजे रमेशचन्द पुत्र रामचन्द को अखलाक, जुबेर, नाहिद को घर में घुसकर मारपीट की थी और अपने हाथ मे अवैध कट्टा लेकर गोली मारने की धमकी दी थी।



दबंगों द्वारा हमले में चोटिल दुकानदार एवं परिजन।

इस संदर्भ में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ बुधवार को पिनगवां थाना में शिकायत दी।दरखास्त कि बाद शाम लगभग 7 बजे गांव मे दोषियानों के पास पुलिस गई थी जिस बात की उपरोक्त दोषियान रंजिश रखते हुए उसी समय उपरोक्त दोषियान हमाश्वरा होकर अपने हाथो मे लाठी डंडा लेकर मेरी दुकान के अन्दर घुस गए और दोषि इदरीस पुत्र सुलेमान ने जाति सूचक शब्द कहकर जान से मारने को कहा।इदरीस के इतना कहते ही दोषि वसीम अपने हाथ मे ली हुई लाठी मेरे सर की और चलाई जो मेरे माथे पर लगी दोषि अकरम ने अपने हाथ मे ली हुई लाठी मेरे सर में मारी दोषि जावेद ने मेरे कमर मे घूसें मारे झगडे का शोर सुनकर मेरा भाई रमेशचन्द और मेरा भतीजा राजेश मुझे बचाने के लिए आए तो उन्हें भी चोटिल कर दिया। इसके अलावा दोषि साहुनी, वसीम, अखलाक ने मेरी दुकान पर लूटपाट शुरू कर दी और मेरी जेब मे 23 हजार रूपये भी दोषियानों ने जबरदस्ती निकाल लिए और मेरा लडका मौके पर अपने मोबाइल मे वीडियो बना रहा था। दोषि इदरीस ने मोबाईल छीनकर उसे तोड दिया। पीड़ित ने उपरोक्त दोषियानों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग हमेशा हमें गांव से भगाने के लिए व धर्म परिवर्तन कि लिए दबाव बनाते है।

झगडे का शोर सुनकर गांव की काफी भीड इक्कठी हो गई। मौके पर थाना की पुलिस व 112 न0. की पुलिस पहुंच गई। दोषियान जाते जाते कह रह थे आज तो पुलिस ने बचा लिया आईंदा मौका मिला तो जान से खत्म कर देंगे। वहीं पिनगवां थाना प्रभारी का कहना है, कि इस संदर्भ में शिकायत मिल गई है। इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है। जांच के उपरांत जो भी उक्त कार्रवाई होगी अमल में लाई जाएगी। थाना प्रभारी से यह पूछा गया तो उन्होंने पुष्टि करते हुए बताया कि दो दिन पहले यह झगड़ा उपरोक्त जगह हुआ था। उसी का ही यह मामला है।

# नूंह पुलिस ने चोरी की मोटर साईकिल सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**नूंह।** निरीक्षक सतपाल सिंह प्रबंधक थाना शहर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नल्हड़ रोड़ नूंह से शाहिद पुत्र रमजान निवासी कोटला थाना सदर नूंह को चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं ।

आरोपी के खिलाफ थाना शहर नूंह में सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जा रही हैं । इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-निरीक्षक प्रदीप प्रबंधक थाना शहर तावडू के नेतृत्व में गठित टीम ने राधे नगर तावडू से लोहे की प्लेट चोरी करने के प्रयास में रुमुद्दीन पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी कांगडाका थाना सदर तावडू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं । आरोपी के कब्जा से 02 लोहे की प्लेट व एक मोटर साईकिल को कब्जा पुलिस में लिया गया । आरोपी के खिलाफ थाना शहर तावडू में सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जा रही हैं ।

# जाहिद हुसैन चेयरमैन ने चुनाव को लेकर दौरा किया



**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा के दर्जनों गांव का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के लिए वोट की अपील की। दर्जनों गांवों में मांडीखेड़ा, रंगाला,धमांला, कुलडेरा, भोंड, हिरवाडी सहित अन्य गावो का दौरा किया।गांव में मिलते हुए लोगों से चेयरमैन जाहिद हुसैन ने कहा कि अबकी बार भाजपा 400 पार जा रही है। ओर मोदी जी को तीसरी बार सरकार बनने जा रही है।

राव इंद्रजीत सिंह मेवात के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं। उन्होंने अपने सांसद कार्यकाल में बिना भेदभाव के मेवात के लिए विकास कार्य किए हैं केंद्र और राज्य सरकार से की बड़ी योजनाओं को मेवात के लिए सिर चढ़ावाया है। जिले से काफी युवा नौकरी लगे हैं राव इंद्रजीत सिंह की छवि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली है। वह धर्म या जाति के आधार पर किसी में कोई भेदभाव नहीं करते। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मेवात जिले में युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के आधार पर पारदर्शिता दिखाते हुए हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।


इस कार्य को आज आगे बढ़ाते हुए हरियाणा की माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जिले के विकास को लेकर लगातार फीडबैक ले रहे हैं और आगे बहुत बेहतर कार्य करेंगे । इस अवसर पर जफरूद्दीन बाघोडिया,वसीम सेफी, सुनील, सोराब,हारून कुलडेरा, इकबाल सरपंच,जफर भोंड़, कासिम, फतेह मोहम्मद वाइस चेयरमैन, साजिद, फारुक, आदिल, मुस्तफा , नदीम खान प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया भाजपा रिजवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले बीडीपीओ अर्जुन मनराल को दी बधाई

## कहा, सर्वोच्च सिविल सेवा पद से आप देश व समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य कर पाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने अपने कार्यालय में वीरवार को केंद्रीय लोक सेवा आयोग 2023 की परीक्षा पास करने वाले खंड नगीना में बीडीपीओ के पद पर तैनात अर्जुन सिंह मनराल को फूल-बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



उपायुक्त ने अर्जुन मनराल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत व लग्न का परिणाम है कि आपको देश की सर्वोच्च सिविल सेवा पद पर काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ के पद पर भी आपने प्रदेश के कई जिला में अपनी सेवाएं देकर ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति में सहयोग किया है। अब यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद निस्संदेह आपको अच्छा पद मिलेगा और देश व समाज सेवा में आप तत्परता व उत्कृष्ट कार्य कर पाएंगे। बता दें कि भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में 553वां रैंक लाकर अर्जुन सिंह मनराल ने न केवल अपने माता-पिता का सर ऊंचा किया है, बल्कि काफी हद तक जिला नूंह व हरियाणा प्रदेश का नाम भी रोशन किया है, क्योंकि वह नगीना में 10 मई 2023 से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे अर्जुन सिंह ने इससे पहले हरियाणा और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा की परीक्षाएं भी पास की हैं। अर्जुन सिंह के पिता आनंद सिंह मनराल व माता पुष्पा मनराल के अलावा उनकी एक बहन है। वो स्कूल-कालेज में भी हमेशा अव्वल रहे हैं। उन्होंने कालेज की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी के एसजीटीबी खालसा कालेज से की है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी अर्जुन सिंह मनराल को बधाई दी है।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **सुनील कुमार,** सपना सपना<br>खाता सं. LNAMB00321-220213215 | 15 अप्रैल 2024<br>₹ 2283830.50/-<br>15 अप्रैल 2024 | ग्राम एच बी नं. - 135, इंतकाल नं. -2257, खेवत नं. 92/5, खतौनी नं. 98/5, खसरा नं. 19//26/1 ( 2-7 ) गांव ढकोला जिला अंबाला, हरियाणा पिन: 133101 **क्षेत्रफल 139 वर्ग गज** |
| **मोहिंदर सिंह,** पूनम कुमारी<br>खाता सं. LNBHI00620-210171310 | 15 अप्रैल 2024<br>₹ 379044/-<br>15 अप्रैल 2024 | सम्पत्ति स्थित मुस्तिल नं. 98 किला नं. 18/2/2 ( 2-18 ), 23/1( 0-9 ), 23/2( 4-0 ) तह.-धारूहेड़ा, जिला रेवाड़ी हरियाणा **क्षेत्रफल 99 वर्ग गज** |

स्थान : जयपुर दिनांक 19.04.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# सुखद पूर्वानुमान

## अधिक बरसात

**भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी** ने दशक में पहली बार पूरे देश में सामान्य से अधिक बरसात का पूर्वानुमान लगाया है। आईएमडी ने अपने दीर्घकालीन पूर्वानुमान से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। एक दशक में पहली बार उसने पूरे देश में औसत से अधिक बरसात का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान विभिन्न क्षेत्रों के लिए कई प्रकार से महत्वपूर्ण है जिनमें कृषि व जल संसाधन प्रबंधन के साथ अन्य क्षेत्र भी शामिल हैं। नीति निर्माता और किसान इस खबर का स्वागत करेंगे, हालांकि आम लोगों को भी हमेशा की तुलना में ज्यादा मानसून से तालमेल बनाना होगा। यह सभी किसानों के लिए वास्तव में राहत की सांस होगी। कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और वह समय पर व समुचित बरसात पर अत्यधिक निर्भर है। समुचित बरसात फसलें उगाने तथा अन्य कृषि गतिविधियां जारी रखने के लिए जरूरी है। बरसात में अधिकता के पूर्वानुमान के साथ ही किसान मिट्टी में ज्यादा नमी की उम्मीद कर सकते हैं जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी। इसके साथ ही यह पूर्वानुमान उनको फसल चक्र की बेहतर योजना बनाने तथा कृषि उत्पादन अधिकतम करने का अवसर भी देता है। भारत के जल संसाधन गहन रूप से मानसून पैटर्न से जुड़े हैं। इसे देखते हुए सामान्य से अधिक बरसात जल भंडारों, झीलों तथा भूमिगत जल भंडारों को भरने के लिए अच्छी होगी। इससे जल का स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसकी खासकर जल संकट का सामना कर रहे क्षेत्रों में बहुत आवश्यकता है। उपयुक्त बरसात से जल संसाधनों पर पड़ने वाला दबाव घटेगा तथा घरेलू, औद्योगिक व कृषि क्षेत्र के लिए सप्लाई में सुधार आएगा। अच्छे मानसून से पनबिजली उत्पादन में भी वृद्धि होगी। इस प्रकार ऊर्जा क्षेत्र भी लाभान्वित होगा।



लेकिन अभी सामान्य या सामान्य से अधिक मानसून का उत्सव मनाना उचित नहीं होगा। मौसम के पूर्वानुमान अपनी प्रकृति से ही अनुमानों पर आधारित होते हैं। देश भर में अच्छा मानसून एक विरल चीज रहा है। जहां सामान्य से अधिक बरसात से अनेक लाभ होते हैं, वहीं इससे कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। ज्यादा बरसात के कारण खासकर निचले तथा जल भराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। बाढ़ से न केवल संपत्ति व ढांचागत संरचनाओं को नुकसान होता है, बल्कि इससे मानव जीवन भी खतरे में पड़ता है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को ढांचागत संरचनायें मजबूत करने, जल निकासी व्यवस्थाओं में सुधार करने तथा प्रभावी बाढ़ प्रबंधन रणनीतियां बनाने की दिशा में पूर्वानुमान के आधार पर कदम उठाने चाहिए। भारी बरसात से मृदा क्षरण तथा भूस्खलन का खतरा खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ जाता है। इसलिए संकटग्रस्त परिस्थितिकी तंत्रों को बचाने तथा संकट कम करने के लिए उपयुक्त मृदा संरक्षण उपाय व पुनर्वनीकरण जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को उपयुक्त जल प्रबंधन व्यवहार अपना कर पानी की बरबादी रोकने तथा जल संसाधनों को अधिकतम करने के प्रयास करने चाहिए। भारतीय मौसम विभाग- आईएमडी की भविष्यवाणी किसानों के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाने की बेहतर संभावनायें लाई है। वह अधिकारियों के लिए पानी की कमी से निपटने में सहायक हो सकती है। तैयारी, संरक्षण तथा टिकाऊ व्यवहारों के समग्र दृष्टिकोण के आधार पर भारत को प्रचुर बरसात का लाभ उठाने की तैयारी करनी चाहिए। इससे वह अधिक बरसात के कारण होने वाले संभावित जोखिमों से बच सकता है। इससे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण का मार्ग खुलेगा।

# ईरानी हमले से स्थायित्व को खतरा

इज़राइल पर ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है।



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है। हालांकि, इज़राइल ने विश्व नेताओं के अनुरोध पर संयम बरता है, पर उसने ईरान के खिलाफ बदला लेने की असाधारण कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रकट की है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान अपने मुहरों-हमास, हिजबुल्ला व हूती के माध्यम से न केवल इज़राइल पर हमले करता है, बल्कि वह इस पूरे क्षेत्र पर अपना वर्चस्व भी कायम करना चाहता है। ऐसे समय जब दक्षिण एशिया तथा पूर्वी एशिया में अनेक देश परंपरागत नव वर्ष मना रहे थे, पश्चिम एशिया के दूसरे सबसे बड़े देश ईरान ने अपने कट्टर दुश्मन इज़राइल पर अनेक मिसाइलों से निशाना लगाया। जार्डन और सऊदी अरब ने इज़राइल का समर्थन करते हुए ईरान द्वारा दागी अधिकांश मिसाइलों को गिरा दिया। यह हमला प्रतीकात्मक लगता है क्योंकि इसका उद्देश्य फिलिस्तीन में हमास, यमन में हौती तथा ईराक और लेबेनान में ईरान-समर्थक हिजबुल्ला का हौसला बढ़ाने के लिए है। इन सबने पश्चिम एशिया में इज़राइल के खिलाफ युद्ध का समर्थन किया है।

इस हमले ने उनका उत्साह बढ़ाने का काम किया। हमले के फौरन बाद हमास ने 'कैरो समझौता' अस्वीकार कर दिया जो शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों-सीआईए व मोसाद के बीच वार्ताओं के माध्यम से हुआ था। मिस्र ने इसमें सहायता की थी और इसका उद्देश्य इज़राइली बंधकों को रिहा कराना था। हालांकि, अनेक देशों ने इज़राइल को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रोत्साहित किया, पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यदि ईरान के खिलाफ हमले किए गए तो वे उनका समर्थन नहीं करेंगे। सच्चाई यह है कि अमेरिकी प्रशासन इस समय एक और युद्ध के लिए इज़राइल की सहायता नहीं कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की छवि बहुत खराब है और बाइडेन की राजनीतिक शक्ति बहुत कमजोर हो गई है। ऐसे में यदि अमेरिका कोई मूर्खतापूर्ण निर्णय करता है ता उसे जल्द ही अभूतपूर्व नतीजों का सामना करना पड़ेगा। इलोन मस्क ने हाल में कहा है कि अमेरिका को एक और '11 सितंबर' जैसे हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे टकरावों का असर न केवल वाशिंगटन या न्यूयार्क पर होगा, बल्कि इससे दुनिया भर में अमेरिकी सैनिक ठिकानों पर संकट पैदा हो सकता है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि महाशक्तियां अंतत: ध्वस्त हो जाती हैं। अपने जीवनकाल को देखते हुए मानव सभ्यता के दृष्टिकोण से अमेरिका महान साम्राज्यों के पतन की तुलना में युवा महाशक्ति है।

इतिहास पर गौर करें तो शक्तिशाली साम्राज्यों का उत्थान और पतन हुआ है। इनमें रोमन साम्राज्य, आटोमन साम्राज्य, मंगोल साम्राज्य तथा ब्रिटिश साम्राज्य शामिल हैं। 16वीं से 20वीं शताब्दी तक अस्तित्व में रहे ब्रिटिश साम्राज्य को आर्थिक दबावों तथा राष्ट्रवादी आंदोलनों का सामना करना पड़ा और अंतत: यह आंतरिक कमजोरियों तथा बाहरी दबावों के सामने ध्वस्त हो गया। राजनीतिक, सैनिक तथा सामाजिक-आर्थिक तत्वों के कारण इन साम्राज्यों के ध्वस्त होने से दुनिया को नया स्वरूप मिला। इससे सत्ता का परिवर्तनशील चरित्र तथा आधुनिक भू-राजनीति व सभ्यता पर इतिहास का स्थाई प्रभाव स्पष्ट होता है। लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के 'डीप स्टेट' ने निश्चित रूप से अनेक अन्य देशों की तुलना में विश्व इतिहास को बेहतर ढंग से समझा है। इसी कारण अमेरिका की मूल रणनीति शांति की बात करते हुए नये युद्धों का सृजन करना है और अनिश्चितताओं पर नियंत्रण के लिए इन युद्धों को दीर्घकालीन त्रासदियों में बदलना है। इस रणनीति से वह अपने विरोधियों को कमजोर करते हुए अपनी सत्ता लगातार बनाए रखने में सफल रहता है। अनेक टकरावों को उनके राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में देखने पर इन टकरावों के बारे में बेहतर समझदारी पैदा होती है।

इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार प्रचारित विचारधारा एक राय या इज़राइल की प्रतिद्वंद्विता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालीन रणनीति है जिसमें तथ्यों व लक्ष्यों को अमेरिका के साथ मिल कर सावधानी से तय किया जाता है। दूसरी ओर वह इन देशों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगवा कर वहां आंतरिक संकट पैदा करता है। यह रणनीति पश्चिम का स्थाई व्यवहार बन गई है। यह तथ्य भुलाया नहीं जाना चाहिए कि ईरान का हमला बदले की कार्रवाई है। यह सीरिया में ईरानी कौंसुलेट पर इज़राइल के उकसावे भरे हमले की प्रतिक्रिया है। उसकी कार्रवाई वियेना सम्मेलन का घोर उल्लंघन थी जिसमें ईरानी क्रांतिकारी गार्ड कार्पर्स की मौतें हुई थीं। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, ईरान ने सोचा था कि यदि वह प्रतिक्रिया नहीं करेगा तो इज़राइल उसे और पीछे धकेलने तथा क्षेत्र में प्रतिरोध को कमजोर करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुमान लगाना उचित नहीं होगा कि इज़राइल ने सीरिया में ईरानी राजनयिक ठिकाने पर अपने हमले के परिणामों का अनुमान नहीं लगाया होगा।

इज़राइल की खुफिया एजेंसी ने सीरिया में हिजबुल्ला व आईआरजीसी में अच्छी घुसपैठ की है और इन नेटवर्कों को इज़राइली हमलों के लिए आसान बना दिया है। ईरान को अपने सहयोगियों में अपना सम्मान बनाए रखना है तथा आंतरिक राजनीतिक संकट से प्रभावी ढंग से निपटना है। इसलिए अपने मुहरों के माध्यम से वह हमलों को प्राथमिकता देता है, भले ही कभी-कभी दोनों पक्षों के बीच सीधे टकराव हो जाता हो। इसके साथ ही ईरान सरकार की घरेलू नीतियों के कारण तनाव बना हुआ है।

ईरान में कुछ राजनेता और अधिकारी खुलेआम ईरान की अंतर्निहित कमजोरियों का उल्लेख करते हैं। वे ईरान सरकार के समक्ष मौजूद अनेक संकटों को उजागर कर चेतावनी दे रहे हैं कि वह महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किए बिना इज़राइल से सीधे टकराव न मोल ले क्योंकि इससे स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने व्यावहारिक प्रशासन तथा प्रभावी संकट प्रबंधन पर जोर दिया है तथा वे व्यवस्था को ध्वस्त होने से बचाने के लिए वर्तमान संकट का समाधान खोजने पर जोर दे रहे हैं। समाज में आर्थिक चुनौतियां तथा मनोवैज्ञानिक अस्थिरता ऐसे तात्कालिक मुद्दे हैं जिनको तत्काल संबोधित किया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर वे दुश्मनों को फलने-फूलने का उपजाऊ मैदान देते हैं। ईरान के अनेक राजनेताओं ने तनाव घटाने के लिए सुलह-समझौते वाली नीतियां अपनाने तथा ईरानी समाज में सद्भावना व संवेदनशीलता बढ़ाने का अनुरोध किया है। सरकार की दमनकारी घरेलू नीतियां, खासकर अनिवार्य 'हिजाब अभियान' ने समाज में व्यापक निराशा और गुस्सा पैदा किया है जिससे सरकार की वैधता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। हालिया इज़राइल-विरोधी कार्रवाइयों, जैसे एक मालवाहक जहाज पर कब्जे ने ईरानी बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। ईरानी राष्ट्रीय मुद्रा में ऐसी कार्रवाइयों के कारण रिकार्ड गिरावट आई है। बड़ी संख्या में ईरानियों द्वारा आर्थिक संकट का सामना करने के कारण राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की कटु आलोचना हुई है और उन्होंने इनसे निपटने के लिए कैबिनेट में परिवर्तन का निर्णय किया है।

पिछले वर्षों में इज़राइल ने ईरानी नाभिकीय वैज्ञानिकों और उसकी नाभिकीय ढांचागत संरचना पर हमला करने की अपनी क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका तथा इज़राइल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 'स्टक्सनेट साइबर हमले' ने ईरान की नाभिकीय महत्वाकांक्षाओं को गहरा झटका दिया है। इससे सिद्ध होता है कि घरेलू राजनीतिक मुद्दों के कारण राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं किया जाता है। ईरानी नाभिकीय क्षमताओं पर 'स्टक्सनेट' हमला एक महत्वपूर्ण कदम था। इससे साइबर-युद्ध का नया युग शुरू हो गया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भू-राजनीतिक परिदृश्य को पुन: बदलने के लिए सत्ता प्राप्त करना और उसे बनाए रखना है। 'स्टक्सनेट' का प्रभाव सारी दुनिया में दिखाई पड़ा क्योंकि इससे युद्धों की बदलती प्रकृति तथा आधुनिक युद्धों में तकनीक का महत्व उजागर होता है। ऐसी स्थिति में ईरान लगातार मौन नहीं रह सकता है। इसलिए ईरान का हालिया हमला इज़राइल के खिलाफ युद्ध की घोषणा न होकर अपनी इज्जत बचाने का एक कदम है।

# उत्तराखंड में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका



**शीतल आर्या**
(लेखिका, शोधकर्ता हैं)

उत्तराखंड में महिलाएं अपनी असाधारण लचीलेपन और कड़ी मेहनत के लिए प्रसिद्ध हैं, ये विशेषताएं उनकी हिमालयी विरासत में गहराई से निहित हैं। इस बीहड़ इलाके में जीवन की चुनौतियों से जूझने के बावजूद, उत्तराखंड की महिलाएं लगातार सामाजिक और पर्यावरणीय आंदोलनों में सबसे आगे रही हैं, जो चिपको आंदोलन की गौरा देवी और शराब विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाली टिंचरी माई (दीपा नौटियाल) जैसी शख्सियतों का प्रतीक हैं। आंदोलन। इन महिलाओं ने उत्तराखंड की भावना को मूर्त रूप देते हुए निडर होकर अन्याय का सामना किया है। यह लेख उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रेखांकित करने और लोकतंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालने का प्रयास करता है।

उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को दो प्राथमिक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति संभाल रही हैं और दूसरा, महिलाएं मतदाता के रूप में अपने चुनावी अधिकारों का प्रयोग कर रही हैं।

राज्य की स्थापना के बाद से, विधान सभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में धीरे-धीरे महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पहली विधानसभा में चार महिला सदस्यों से, 2022 के चुनावों में संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक सराहनीय प्रगति है। हालाँकि, इस प्रगति के बावजूद, महिलाएं विधानसभा में अल्पसंख्यक बनी हुई हैं, जो कुल सदस्यों का केवल एक अंश है। वर्तमान में, विधान सभा में तीन दलित महिलाओं सहित आठ महिला सदस्य हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास में सबसे अधिक संख्या है। विशेष रूप से, श्रीमती. रितु खंडूरी वक्ता के रूप में कार्य करती हैं, जबकि श्रीमती। रेखा आर्य कैबिनेट में अकेली महिला मंत्री हैं. इन प्रगतियों के बावजूद, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असमानता बनी हुई है, जो राजनीतिक सत्ता तक पहुँचने में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करती है।

जबकि संसदीय क्षेत्र में महिलाओं का



प्रतिनिधित्व बहुत कम है, आठ में से केवल दो महिला सांसद हैं, महिला आबादी (49 प्रतिशत) और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बीच विसंगति स्पष्ट है। जमीनी स्तर के आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी के बावजूद, औपचारिक राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति अनुपातहीन रूप से कम है। उत्तराखंड में महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो प्रवासन, पर्यावरणीय गिरावट और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। हालांकि, सामाजिक मानदंड और आर्थिक बाधाएँ अक्सर उनकी राजनीतिक भागीदारी को रोकती हैं। इसके अलावा, राजनीतिक दलों की महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की अनिच्छा इस असमानता को और बढ़ा देती है। उदाहरण के लिए, आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस ने किसी भी महिला उम्मीदवार को नामांकित नहीं किया है, जबकि भाजपा ने केवल एक, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह को नामांकित किया है। फिर भी, उत्तराखंड में महिला मतदाता हाल के चुनावों में पुरुषों से आगे निकल कर एक ताकतवर ताकत के रूप में उभरी हैं। उनकी बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, उनके जीवन को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों से प्रेरित, उच्च साक्षरता दर और आरक्षण कोटा जैसी सरकारी पहलों ने उनकी भागीदारी को प्रेरित किया है। सरकारी नौकरियों में 30त्न क्षैतिज आरक्षण और पंचायतों में 50त्न आरक्षण जैसी नीतियों ने महिलाओं की राजनीतिक एजेंसी को मजबूत किया है, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है।

2024 के संसदीय चुनावों से पहले, दोनों प्रमुख पार्टियाँ विभिन्न रणनीतियों को अपनाते हुए महिलाओं के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कांग्रेस ने महिला सुरक्षा और न्याय पर जोर देते हुए महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और नौकरी में आरक्षण का वादा किया है। इसके विपरीत, भाजपा जमीनी स्तर पर लामबंदी के प्रयासों के साथ-साथ महिलाओं के अधिकारों के लिए एक मील का पत्थर के रूप में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर प्रकाश डालती है।

महिला मतदाताओं के बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, उनके जमीनी स्तर के जुड़ाव और महिला आरक्षण विधेयक जैसी पहल के कारण, भाजपा की चुनावी संभावनाओं को और मजबूत करती है। मोदी फैक्टर उत्तराखंड की महिलाओं में प्रतिध्वनित हुआ है, जिसने 2017 से भाजपा के निरंतर प्रभुत्व में योगदान दिया है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार ने 2024-25 के लिए पर्याप्त लैंगिक बजट आवंटित किया है, जो लैंगिक असमानताओं को दूर करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए महिला कर्मचारियों को तैनात करना और गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्रों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना जैसे उपाय समावेशी शासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

निष्कर्षत:, डॉ. अम्बेडकर का यह कथन कि किसी समुदाय की प्रगति महिलाओं की उन्नति पर निर्भर है, उत्तराखंड के लिए सत्य है। जबकि महिलाएं ऐतिहासिक रूप से सामाजिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं, औपचारिक राजनीति में उनका कम प्रतिनिधित्व एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और राज्य के विकास में तेजी लाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना जरूरी है। जैसा कि उत्तराखंड आगामी चुनाव कौथिग के लिए तैयार है, जिसमें 48.1 प्रतिशत मतदाता हैं, उनकी बढ़ी हुई भागीदारी राज्य में लोकतंत्र की जीत का अग्रदूत होने का वादा करती है।

## आप की बात

### ईरान की धमकी

**ईरान** द्वारा इजरायल पर भारी ड्रोन व मिसाइल हमले के बाद उसके मंत्री चेतावनी दे रहे हैं कि ईरान इजरायल के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और ऐसे नए अस्त्रों का प्रयोग करेगा जो अब तक किसी ने प्रयोग नहीं किए हैं। यह एक चौंकाने वाला बयान है। इससे लगता है कि ईरान ने कोई ऐसी नई तकनीक विकसित कर ली है जो विश्व में किसी अन्य देश के पास नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के नए चमत्कारों को देखते हुए ईरान की धमकी पर गंभीरता से गौर करना जरूरी है। ईरान एक तानाशाह व कट्टरपंथी इस्लामवादी देश है जो दूसरे देशों में इस्लामी क्रांति का निर्यात करने का प्रयास कर रहा है। ईरान में सैकड़ों महिलाओं को केवल हिजाब न पहनने के कारण अमानवीय अत्याचारों का सामना करना पड़ा है और कई को अपनी जान से हाथ धोने पड़े हैं। ईरान घोषित रूप से इज़राइल को दुनिया के मानचित्र से समाप्त करने की धमकी भी देता रहा है। ऐसे में ईरान पर लगाम लगाना उन इस्लामी देशों के भी हित में है जो दुनिया के अन्य धर्मानुयाइयों की तरह मुस्लिम नौजवानों व नवयुवतियों को समान अधिकारों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों से लैस करना चाहते हैं। ईरानी सत्ता में बार-बार कट्टरपंथियों का हावी होना चिन्ता का विषय है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### न्यायालय पर दबाव

**सुप्रीम कोर्ट** के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई को पूर्व में दो बार वकील लोग सुप्रीमकोर्ट पर दबाव बनाने के प्रयास के विरोध में पत्र लिख चुके हैं। अब देश के 21 भूतपूर्व न्यायाधीशों ने फिर से एक पत्र लिखकर न्यायालय पर राजनीतिक दबाव बनाने के प्रयासों को लेकर चिंता जाहिर की है। हमारा प्रजातंत्र जिन चार स्तंभों पर टिका है उनमें से एक स्तंभ न्यायालय भी है। देश की कई विकट समस्याओं के समाधान में न्यायालय ने अपनी भूमिका बखूबी निभाकर लोगों में न्याय के प्रति आस्था बनाए रखी है। कई बार न्यायालय ने कई मामलों का स्वत: संज्ञान भी लिया है। केंद्र में प्रबल बहुमत वाली वर्तमान सरकार ने भी सुप्रीमकोर्ट के हर आदेश को शिरोधार्य कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। पूर्व न्यायाधीशों और इसके पहले वकीलों द्वारा सार्वजनिक रूप से सीजेआई को लिखे पत्रों से न्यायपालिका में राजनीतिक उठापटक के संकेत मिलते हैं। कई बार मनमाफिक फैसला न मिलने पर कुछ बड़े वकील न्यायपालिका या सीजेआई की निष्पक्षता पर सवाल उठाने लगते हैं। इस प्रवृत्ति को सही नहीं कहा जा सकता है। न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी कार्यपालिका व विधायिका की है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बेहतर सरकार

**इन दिनों** देश में महंगाई और बेरोजगारी जैसी कई शिकायतें हैं। लेकिन इन सारी शिकायतों के बावजूद भी ज्यादातर लोग यह भी कहते हैं कि भाजपा सरकार बेहतर है एवं अच्छा कार्य भी कर रही है। अत: इसे एक बार और अवसर देना ठीक होगा। आज देश चलाने के लिए मोदी से बेहतर कोई और नेता नहीं दिखाई दे रहा है। पिछले 10 सालों में वर्तमान मोदी सरकार ने काफी काम किए हैं। पिछली सरकारों के किसी भी कालखंड के दस साल में इतना काम कभी नहीं हुआ है। आज लोगों को यह भी विश्वास है कि मोदी सरकार अगले 5 सालों में अवश्य ही देश से गरीबी एवं महंगाई कम करने का प्रयास करेगी। आज पूरे विश्व में महंगाई बढ़ रही है, जबकि भारत ने उस पर काफी लगाम लगाई है। पड़ोसी पाकिस्तान या विकसित अमेरिका को देखें तो वहां महंगाई आसमान छू रही है। भारत ने 80 लाख लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देने की योजना चलाई है जो दुनिया की ऐसी सबसे बड़ी योजना है। इसका पांच साल और विस्तार किया गया है। मोदी सरकार इसलिए भी दूसरों की तुलना में बेहतर है कि उसने देश की समस्याओं को स्थाई ढंग से हल करने की नीति बनाई है। गरीबों के लिए पीएम आवास योजना इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### खतरनाक खेल

**ड्रीम 11** बहुत ही खरतनाक बीमारी के तौर पर उबर रहा है। इस खेल पर समय रहते रोक लगानी होगी क्योंकि यह अनेक लोगों के लिए वित्तीय जोखिम के साथ-साथ मानसिक बीमारी का कारण बनने लगा है। ड्रीम 11 ऐसा खेल है जो 39 व 59 रूपये में युवाओं को रातोंरात करोड़पति बनाने का सपना दिखा रहा है। कभी जीतने पर एक करोड़, कभी दो करोड़ और आजकल 4 करोड़ की राशि दी जा रही है। लाखों युवाओं को इस खेल की लत लगी हुई है और वे अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई को यूंही जाया करने में लगे हुए हैं। सरकारी क्षेत्र में तैनात कर्मचारी भी इसका शिकार बनते जा रहे हैं। ड्रीम 11 का विज्ञापन व्यापक रूप से किया जा रहा है और कई बड़े सितारे इसका प्रचार करते देखे जाते हैं। हालांकि, विज्ञापन में वित्तीय जोखिम है और इसकी लत लगने की बात कहीं जाती है, पर यह केवल खानापूरी है। देश में सट्टेबाजी, लाटरी, घुड़दौड़ की सट्टेबाजी या ऐसी ही अचानक अमीर बनाने वाले तरीकों पर रोक लगनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि आधुनिकता की चकाचौंध में इस पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

– **भूपेंद्र सिंह,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना करें अपने मताधिकार का प्रयोग : रंजीता कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत



फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने जिले के गांव बुआना लाखू , मांडी मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वृद्धों, युवाओं व महिलाओ को वोट के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम

चुनाव के इस महोत्सव में बड़े पैमाने पर पौधे लगा कर, सफाई अभियान चला कर लोगों को वोट डालने को लेकर जागरूक कर सकते हैं। ग्रीन इलेक्शन, क्लीन इलेक्शन के तहत भी लोगो को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं की शपथ दिलाते हुए कहा कि चुनाव में हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने महिलाओं के साथ पोधा रोपण कर सफाई अभियान के तहत जागरूक करते हुए कहा कि हमें इलेक्शन मे अच्छे व ईमानदार व्यक्ति का चयन करना चाहिए ताकि देश का और अधिक विकास हो सके।

उन्होंने जागरूक अभियान में कहा कि हमें ऐसी प्रत्याशी का चयन करना चाहिए जो जनता के प्रति समर्पित हो। जनता के हित की बात करता हो। जनता के लिए कार्य करता हो,शिक्षित हो व समाज में जिसकी अच्छी छवि हो। कुमारी रंजिता ने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि हम देश के लिए वोट करें। देश की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें। वो कहती हैं कि वोट हमारी आवाज है हमें इसको पहचाना चाहिए। आम जनता का एक-एक वोट देश की तकदीर व तस्वीर बदल सकता है। इसे हमें अपने जेहन में बैठा लेना चाहिए। कुमारी रंजीता कौशिक कहती हैं कि हमें अफवाहों से दूर रहकर वोट डालना चाहिए। बेहतर सरकार के गठन के लिए हमें वोट जरूर देना चाहिए। एक-एक बूंद सी समुद्र बनता है और एक-एक वोट से अच्छी सरकार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट के लिए सही फैसला ले सही का चयन करें। वोट की ताकत देश को मजबूत बना सकती है यह हमें नहीं भूलना चाहिए। हमें देश के बेहतर भविष्य के लिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए वोट जरुर डालना चाहिए। इस अवसर पर सुमन, पूनम, कविता, ललिता, किशनी, दर्शन, माया, भावना, निधि, इंदू, संतोष, बिमला, निर्मला, आरती आदि मौजूद रहे।

## हेरोइन सप्लाई करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11.2 ग्राम हेरोइन सप्लाई करने के मामले की जांच थाना शहर के एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कल्लरमाजरा निवासी अंग्रेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल टीम द्वारा तीन सितंबर 2023 को अर्जुन नगर कैथल स्थित एक मकान पर दबिश देकर आरोपी भुन्ना निवासी निरंजन दास को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 11.2 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की आगामी जांच एएसआई जयभगवान द्वारा अमल में लाई गई। निरंजन दास को यह हेरोइन अंग्रेज सिंह द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी।

# बोरी उठाकर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे नवीन जिंदल : डॉ. सुशील गुप्ता

## कहा, जब पिपली में किसानों पर लाठियां बरसाईं गईं, तब कहां थे नवीन जिंदल

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. गुप्ता ने शाहाबाद मंडी में व्यापारियों को चाय बनाकर पिलाई

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को शाहाबाद में चुनावी यात्रा की। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा की शुरूआत शाहाबाद की सब्जी मंडी से की। जहां उन्होंने चाय की दुकान पर व्यापारियों को चाय बनाकर पिलाई। इसके बाद शहीद उधम सिंह मेमोरियल हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। फिर श्री कृष्णा धर्मशाला में आयोजित इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। यहां से हुडा सेक्टर-1 में चाय कार्यक्रम में पहुंचे और शाम को गांव हबाना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज शाहाबाद में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जो 37 दिन का समय बचा है, उसको कैसे इस्तेमाल किया जाए। गांव गांव में जाकर लोगों को कैसे समझाना है कि भाजपा ने किस प्रकार किसानों और बेटियों पर अत्याचार किया। इस विषय पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं कल देख रहा था कि भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल एक बोरी उठा कर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे थे। जब इसी कुरुक्षेत्र में पिपली से किसानों पर लाठियों की शुरूआत हुई और पूरे देश में भाजपा ने किसानों पर जुल्म किया। डेढ़ साल तक किसानों को दिल्ली बॉर्डर पर बैठा कर रखा। उस समय नवीन जिंदल कहां थे? उन्होंने कहा कि हवाई जहाज में रहने वाले और कभी पानी का गिलास न उठाने वाले, आज बोरी उठा कर दिखा रहे हैं। सुना है कि बोरी उठाने से उनकी कमर में खींच पड़ गई है, जिसे मसाज लेकर ठीक करवाना पड़ा। जनता इनके नाटक को समझती है, वोट की चोट से इनको सबक सिखाने का काम करेगी। किसानों का हितैषी बताने वाले नवीन जिंदल तब कहां थे जब इनकी पार्टी किसानों पर गोलियां बरसा रही थी, तब कहां थे जब किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे थे, तब कहां थे जब किसानों के रास्ते में कीलें ठोकी गई, तब कहां थे जब किसानों पर एनएसए लगाया गया, किसानों को प्रॉपर्टी जब्त और बैंक अकाउंट सील करने की धमकी दी जा रही थी। तब नवीन जिंदल को किसानों की याद क्यों नहीं आई? अब उसी पार्टी की गोद में जाकर बैठ गए।



## श्री रामचंद्र जी के आदर्शों पर चलने का लें संकल्प : पवन पाराशर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), अग्रवाल सभा, राष्ट्रीय लव कुश सेना और श्री कृष्ण मंदिर अधोई के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर कार्यक्रम किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके के स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पाराशर ने कहा कि इस पर्व पर हम सब को संकल्प लेना चाहिए कि जिस प्रकार श्री रामचंद्र जी अपने आदर्शों और मर्यादाओं पर चल कर मर्यादा पुरुषोतम श्री राम कहलाएं, हम भी उनके पथ चिन्हों पर चल कर अपना कर्तव्य निभाएंगे। हमें सर्व समाज को साथ लेकर देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर सुबह जैन स्कूल में राष्ट्रीय लव कुश सेना के अध्यक्ष विक्रम परोचा, पवन पराशर, प्रमोद जैन, धर्मराज चौहान, देवेंद्र शर्मा व अन्य की अध्यक्षता में हवन का आयोजन कर अटूट प्रशाद और जूस वितरित किया गया। दोपहर में सेवा ट्रस्ट यूके के सदस्य गुरदेव सिंह, डॉ. कुलदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता और अग्रवाल सभा के प्रधान श्रवण गोयल, सचिव देवेंद्र गर्ग, केशियर राजेश्वर गुप्ता की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाला में अटूट जूस के लंगर और भंडारे का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण मंदिर अधोई में सभी भक्तजनों द्वारा श्री रामायण का पाठ किया गया और हवन कर अटूट जूस के लंगर और भंडारे का आयोजन किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) ने सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के लिए अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से रियल जूस की सेवा में अपना योगदान दिया। इस सहयोग के लिए राष्ट्रीय लव कुश सेना के अध्यक्ष विक्रम परोचा व अग्रवाल सभा के प्रधान श्रवण गोयल ने सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों के चयनित होने पर दी बधाई

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के छह विद्यार्थियों को इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को छह लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण अधिकारी प्रो. सुरेश वर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आई। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आदित्य गांधी, गौरव यादव व नमन भाटिया, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनयरिंग से लोकेश शर्मा व मैकेनिकल इंजीनियरिंग से लक्ष्य जून व शायाल्यू का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को छह लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला।

### मेलबर्न विश्वविद्यालय और निफ्टेम कुंडली के बीच एमओयू हुआ



**सोनीपत।** खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और शैक्षणिक प्रयासों को विस्तार देने और अपनी विशेषज्ञता, संसाधनों और ज्ञान को आपस में सांझा करने के लिए मेलबर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया और निफ्टेम-कुंडली, भारत के बीच वैश्विक स्तरीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। समझौता ज्ञापन पर दोनों संस्थाओं के प्रमुखों डॉ. सुरिन्दर सिंह चौहान, उपनिदेशक, मेलबर्न इंडिया पोस्टग्रेजुएट एकेडमी और डॉ. हरिन्दर सिंह ओबरॉय, निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली द्वारा उच्च अधिकारियों और संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। डॉ. सुरिन्दर सिंह चौहान ने टीम के साथ निफ्टेम परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक प्रगति में योगदान करते हुए उभरती हुई चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की सुविधा प्रदान करना है। इस एमओयू से दोनों संगठनों के बीच आपसी सहयोग और गतिविधियों के लिए रोमांचक अवसर प्राप्त होंगे। निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ओबरॉय ने कहा कि इस एमओयू के तहत बहुमुखी सहयोग और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों संस्थानों के छात्रों एवं संकायों के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने, एक जीवंत शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने, विशेष सुविधाओं तथा उपकरणों को सांझा करने और अनुसंधानात्मक बुनियादी ढ़ांचे व ज्ञान का प्रसार करने के लिए संयुक्त रूप से सेमीनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन आदि आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय मेलबर्न यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में प्रथम और क्यूएस रैंकिंग में 14वें स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित ऐसे संगठन के साथ जुड़ना बेहद गर्व की बात है। दोनों संगठन मिलकर खाद्य विज्ञान से संबंधित क्षेत्रों में व्यापक नेटवर्किंग और सहयोग के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं।

### आदेश अस्पताल आई विभाग में स्थापित की गई ओसीटी मशीन



ओसीटी मशीन के साथ आंख रोगी के पर्दे की जांच करते डा. गुरसतिन्द्र सिंह।

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के आई विभाग में आप्टिकल कोहरेन्स टोमोग्राफी ओसीटी मशीन स्थापित की गई है। जोकि नेत्र रोगों के बारे में जानकारी लेने की दिशा में नवीनतम उपकरण है। यह जानकारी देते हुए एमडी डॉ. गुरसतिन्द्र सिंह ने बताया कि यह मशीन शुगर रोगियों की आंखों के पर्दे के रोगों के बारे में क्षण में जानकारी देने में कारगर है। उन्होंने बताया कि कई बार शुगर के कारण प्रभावित रोगी के आंख के पर्दे पर रक्त जम जाता है या फिर सूजन जैसी दिक्कत रहती है। अब इसकी जानकारी ओसीटी मशीन से मिल सकेगी और समय रहते शुगर रोगियों के आंखों के पर्दे का उपचार हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जिन आंख रोगियों को काले मोतिया की शिकायत है। ऐसी स्थिति में भी आंखों के नॉन इन्वेसिव टेस्ट ओसीटी मशीन से किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नेत्र रोगों के लिए नई जापानी तकनीक ओसीटी किसी क्रांति से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कुरूक्षेत्र, शाहाबाद, अंबाला सहित आस-पास के क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरा है कि अब यह मशीन आदेश में इंस्टाल हो चुकी है। अब इस मशीन से आंख रोगियों की जांच हो सकेगी।

### बच्चों को प्ले स्कूल में भेजने के लिए किया प्रेरित

**कैथल।** अमरगढ़ गामड़ी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पार्षद परमजीत कौर उपस्थित रही। कार्यक्रम में प्ले स्कूल में करवाए जाने वाले पांचों विकास के बारे में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन प्ले स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिया जाता है। इन प्ले स्कूलों में तीन वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर सुपरवाइजर सुमन कुमारी, आंगनवाड़ी वर्कर नीरू भी उपस्थित रही।

## डीएवी कॉलेज जालंधर और एफएसएटीओ प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

डीएवी कॉलेज जालंधर के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार और राजवीर सिंह देवल, चेयरमैन, एफएसएटीओ प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक प्रतिष्ठित एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नवजोत देयोल, एफएसएटीओ प्राइवेट लिमिटेड, प्रो भारतेंदु सिंगला, विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान और तकनीकी विभाग, और प्रो अनु गुप्ता की उपस्थित में पांच वर्षों के लिए यह समझौता हुआ। एमओयू के मुख्य बिंदुओं में खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करना, अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बीएससी फूड टेक (ऑनर्स) के छात्रों के बीच बीएफएसटी डिग्री परियोजनाओं के तहत एफएसएटीओ ने प्रथम प्रोजेक्ट को 25000 रुपये, दूसरे प्रोजेक्ट को 15000 और तीसरे प्रोजेक्ट को 10000 रुपये का नकद पुरस्कार की योजना का गठन किया। एफएसएटीओ छात्रों के बीच खाद्य सुरक्षा के ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए वीडियो, लाइव सत्र, वेबिनार आयोजित करेगा। खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभाग के शिक्षकों के साथ साक्षात्कार आयोजित करके इन साक्षात्कारों को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाएगा, एफएसएटीओ बीएफएसटी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों को समझने में मदद करने के लिए इंटर्नशिप की दिशा में कार्य करेगा। इस अवसर पर सभी का धन्यवाद किया।



## डीसीआरयूएसटी के छह विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के छह विद्यार्थियों को इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को छह लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण अधिकारी प्रो. सुरेश वर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आई। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आदित्य गांधी, गौरव यादव व नमन भाटिया, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनयरिंग से लोकेश शर्मा व मैकेनिकल इंजीनियरिंग से लक्ष्य जून व शायाल्यू का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को छह लाख रुपए का वार्षिक पैकेज मिला। उन्होंने सभी को बधाई दी।

## बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे चलाने पर रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

### पुलिस सांझ केंद्रों में किरायेदारों के बारे में जानकारी देना अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

ज्वाइंट कमिश्नर पुलिस संदीप शर्मा ने जाब्ता फौजदारी सहिंता 1973 की धारा 144 के तहत अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है कि पुलिस कमिश्नरेट सीमा के अंदर बुलेट मोटरसाइकिल चलाते समय साइलेंसर में तकनीकी बदलाव कर पटाखे आदि चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, साथ ही आदेश में कोई भी दुकानदार ऑटो कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत निर्मित साइलेंसर नहीं बेचेगा और न ही कोई मैकेनिक साइलेंसर में कोई तकनीकी बदलाव करेगा। एक अन्य आदेश में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकार क्षेत्र के भीतर वाहन में किसी भी प्रकार के हथियार जैसे बेसबॉल, तेज हथियार, तेज हथियार या किसी भी घातक हथियार को ले जाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। इसी प्रकार, कमिश्नरेट पुलिस की सीमा में किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने, समारोह/जुलूस में हथियार ले जाने, पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने और नारे लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी मैरिज पैलेसों/होटलों के बैंक्वेट हॉल, विवाह कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में जनता द्वारा हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है और मैरिज पैलेसों और बैंक्वेट हॉल के मालिकों को निर्देश दिया है कि वे मैरिज पैलेस/बैंक्वेट हॉल में सीसीटीवी कैमरे लगाने के जिम्मेदार होगे। एक अन्य आदेश के अनुसार, कोई भी दुकानदार/दर्जी खरीदार की उचित पहचान के बिना सैन्य/अर्धसैनिक बल/पुलिस निर्मित वर्दी या सिलाई की हुए वर्दी नहीं बेचेगा। वर्दी खरीदने वाले व्यक्ति के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए फोटो पहचान पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी रखेगा और रजिस्टर में व्यक्ति का पद, नाम, पता, फोन नंबर और पोस्टिंग की जगह का रिकॉर्ड बनाए रखेगा और इस रजिस्टर को दो महीने में एक बार संबंधित हेड स्टेशन अधिकारी द्वारा वैरीफाई किया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो पुलिस को रिकॉर्ड प्रदान किया जाएगा। एक जारी अन्य आदेश के अनुसार, मकान मालिकों और किरायेदारों को मकानों और पीजी मालिक, पीजी और अन्यथा आम लोग निकटतम पंजाब पुलिस संपर्क केंद्र को सूचित किए बिना नौकरों और अन्य श्रमिकों को अपने घरों में नहीं रखेंगे। एक अन्य आदेश में पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्र के सभी पटाखों के निर्माताओं/डीलरों को पटाखों के पैकेट पर ध्वनि स्तर का लेबल प्रिंट करने होंगे।

## आचार्य प्रशांत ने आईआईटी छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास के महत्व के बारे में संवाद किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्रशांत अद्वैत** फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने आईआईटी के छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद किया। सत्र में देशभर से 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। तथा कहा कि मन व अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है, अध्यात्म से मन को साधा जा सकता है, यह आंतरिक शांति को मजबूत करता है और खुद से बड़ी ताकत से जुड़ाव की भावना प्रदान करता है।

रविवार को आईआईटी के डोगरा हाल में अलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित कार्यशाला का प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मन का पूरा माहौल तेजी से बदलता है, हम क्या नहीं बदल देते और सब कुछ बदल के भी हमें चैन कहां मिलता है। लोग घर बदलते हैं, नौकरी बदलते हैं और यह सब बदल के भी मन को शांति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि मन को कुछ चाहिए, उसके बिना वो रुकेगा नहीं। उसके बिना वो इधर उधर, भागता ही रहेगा, अंततः तुम जिधर को भी भागते हो यही सोच के भागते हो ना की ये मिल गया तो इसके बाद और कुछ नहीं चाहिए; अगर तुम्हे पता हो की जिस तरफ तुम भाग रहे हो, उसके मिलने के बाद भी तुम्हें और चाहिए होगा, तो उसकी ओर भागोगे?

आचार्य प्रशांत ने कहा कि आगे निकलने की होड व भागदौड भरी जिंदगी में इंसान अकेला हो गया है हम क्या हैं, क्यों जी रहे हैं, हमारा उद्देश्य क्या है, हमें पता ही नही है। इन्ही वजहों से युवाओं में मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें खुद को जानना होगा उसके लिए अध्यात्म ही हमारी मदद कर सकता है, अध्यात्म हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाले तनाव को दूर कर सकता। उन्होंने कहा कि शोध से यह सिद्ध हो गया है कि आध्यात्मिकता मन को लाभ पहुंचा सकती है।

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

पायनियर समाचर सेवा। पानीपत / रोहतक

बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।''

इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com. पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

## हिस्ट्री टीवी 18 ने एडोल्फ हिटलर के आखिरी क्षणों के पीछे के सच को किया उजागर

### हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज़ : द हंट फॉर हिटलर

### प्रीमियर के साथ इतिहास के स्वीकृत विवरण को देता है चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**एडॉल्फ़** हिटलर के जन्म दिवस पर हिस्ट्री टीवी 18 शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को रात 9:00 बजे हिस्ट्रीज़ ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज़ः द हंट फ़ॉर हिटलर के प्रीमियर के साथ एक विशेष खोजी कार्यक्रम का अनावरण करने जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में, अप्रैल में ही हिटलर की कथित आत्महत्या की खबर आई थी। यह कार्यक्रम उनकी मृत्यु की उस पारंपरिक कहानी को चुनौती देता है और उनके आखिरी क्षणों के पीछे के सच को जानने के लिए एक मनोरंजक यात्रा पर निकलता है। यह कार्यक्रम सच खोजने के अथक प्रयास से दर्शकों को बांधे रखने और 20वीं सदी के एक सबसे बडे रहस्य पर नई रोशनी डालने का वादा करता है।

अधिकांश इतिहासकारों और सरकारों के बीच प्रचलित सिद्धांत यह है कि एडॉल्फ हिटलर ने द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी संघर्षों के दौरान अपना अंत कर लिया था, कथित तौर पर बर्लिन के एक बंकर में खुद को गोली मार ली थी। हालांकि, दशकों पुरानी शंकाएँ और प्रश्न अब तक अनुत्तरित हैं, वजह ये कि उसका शव कभी मिला ही नहीं, जो इस अटकल को बल देता है कि इस नाजी नेता ने अपनी मौत का नाटक किया और पकड़े जाने से बच गया। हिस्ट्रीज़ ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज़ द हंट फ़ॉर हिटलर इन अनिश्चितताओं का सीधे सामना करने की हिम्मत करता है और दर्शकों के सामने अपनी खोज रखता है, ताकि वे सोच-समझकर स्वयं तय कर सकें कि क्या हिटलर बच निकला था और कभी सामने न आने के लिए गायब हो गया था?

सावधानीपूर्वक शोध, विशेषज्ञ विश्लेषण और अभिलेखीय फुटेज और दस्तावेज़ों तक विशेष पहुँच के साथ षड्यंत्र के सिद्धांतों और ऐतिहासिक अभिलेखों की जांच करके यह खोजी कार्यक्रम हिटलर के गायब होने की पहेली को सुलझाता है।

# पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र की उपस्थिति जोरदार तरीके से दर्ज होगी : कंवरपाल गुर्जर

## जगाधरी विधानसभा के घाढ़ क्षेत्र में दिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव, सैंकड़ों लोगों ने केबिनेट मंत्री कंवरपाल व बंतो कटारिया का किया जोरदार स्वागत





**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**हरियाणा** सरकार में केबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर वह जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ लगातार जनसंपर्क में लगे हुए हैं, इसी कड़ी में घाढ़ क्षेत्र के गांव के गांव ताहरपुर कलां, कोट, जाटोंवाला, डारपुर, इब्राहिमपुर आदि में पहुंचने पर सैंकड़ों लोगों ने रोड शो के माध्यम से अपने उपस्थिति दर्ज कराई व आयोजित जनसभाओं में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि जगाधरी क्षेत्र के घाढ़ क्षेत्र की राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है, विपक्षी राजनीतिक पार्टी के लोगों ने घाढ़ क्षेत्र के लोगों को जात-पात धर्म के आधार पर बांटने की राजनीति कर रखी थी परंतु घाढ़ क्षेत्र में हो रहे भाजपा के कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय सहित सर्व समाज के लोग भारी संख्या में शिरकत कर रहे हैं जो कि इस बात का प्रमाण है कि इस बार देश में पुन: भाजपा की सरकार बनने जा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री के रुप में संभालेंगे।

घाढ़ क्षेत्र के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने कारों, ट्रैक्टरों व मोटरसाइकिलों के माध्यम से कृषि मंत्री कंवरपाल व अम्बाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया का जोरदार भव्य स्वागत किया। जिससे सारे इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया कि घाढ क्षेत्र की राजनीतिक में आया यह बदलाव लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने जा रहा है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने घाढ़ क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया ,सभी के सभी विकास कार्य वर्ष 2014 के बाद भाजपा सरकार ने करवाए हैं, लोगों में इस बात की खुशी है कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के घाढ़ क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य किया है, इस क्षेत्र में आ रही खुशहाली इस बात का संकेत देती है कि घाढ़ क्षेत्र के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय सहित सर्व समाज के लोग पीएम नरेन्द्र मोदी भाजपा सरकार के पक्ष में आ चुके हैं, कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वह चौधर की राजनीति नहीं करते ,वह विकास की राजनीति करते हैं और सेवक बनकर ही जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के जनता की सेवा कर रहे हैं, पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र की उपस्थिति जोरदार तरीके से दर्ज होगी।

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि किसान भाइयों की गेहूं ,धान, सरसों, गन्ना, बाजारा सहित 14 फसलों की खरीद हरियाणा भाजपा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और खरीद का भुगतान सीधे किसान भाइयों के बैंक खाते में किया जा रहा है। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा की भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा एक हरियाणवी एक सिद्धांत को मानते हुए अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए पूरे हरियाणा प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवाए हैं, जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जितने विकास कार्य करवा दिए है। आज तक किसी भी विपक्षी विधायक ने विकास कार्य नहीं करवाए हैं। लोगों को विकास के आधार पर मतदान करना चाहिए और सबसे ज्यादा विकास कार्य बीजेपी सरकार ने करवाए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हर देश भारत देश के साथ मित्रता करना चाहता है तो इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है

इस दौरान मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह ,मंडल प्रभारी सुमन चौधरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मुकुल चौधरी खदरी, मंडल महामंत्री शिवकुमार शर्मा, कृष्ण कुमार हडौली, रामपाल शर्मा, शिवकुमार सीपीयोंवाला, सुशील मान, श्यामलाल सरपंच, सुफियान, जुल्फान, सलीम जाटोंवाला, मालांगीर, नसीम, फुरकान, इस्लाम, दिलशाद, शमशाद, निसार, मुश्ताक, आबिद, हारून, इरफान, जुल्फकार, दिलशाद, हुसैन, नाजीम, लियाकत, मोहम्मद, अली अहमद, सौरण कश्यप, अभिषेक, संजीव, भाजपा मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, चेयरमैन रामजतन डमौली, सुखविंदर सिंह कोट, सोनू कोट सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

## नेपाल के उप-प्रधानमंत्री करेंगे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



गुरु विद्यापीठ के निदेशक डॉ. विकास शर्मा

**गुरु** फाउंडेशन, रोहतक द्वारा स्थापित स्वायत्तशासी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद, रोहतक द्वारा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी तथा त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू के संयुक्त तत्वावधान में 09-10 जून को त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन वैश्विक परिदृश्य में भारत एवं नेपाल में सामाजिक परिवर्तन विषय पर आयोजित किया जा रहा है। गुरु विद्यापीठ के निदेशक डॉ. विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नौ जून को इस सम्मेलन का उद्घाटन नेपाल उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री माननीय नारायण काजी श्रेष्ठ करेंगे। उनके साथ काठमांडू के सांसद डॉ. अमरेश कुमार सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस सम्मेलन में त्रिभुवन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. केशर जंग बराल, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी, त्रिभुवन विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ. संजीता वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी लक्ष्मी जोशी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एम एम वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर सिंह भी मुख्य रूप से सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि टांटिया विश्वविद्यालय श्रीगंगानगर से डॉ. नरेश कुमार सिहाग, शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में कार्यरत शिक्षाविद, समाज सेविका डॉ. सुलक्षणा अहलावत अपना व्याख्यान देंगे। डॉ. विकास ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में देश विदेश से लगभग 200 प्रोफेसर, शिक्षाविद एवं शोधार्थी सम्मिलित होकर अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख कारणों और प्रक्रियाओं का विश्लेषण करना, भारत और नेपाल में सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख प्रभावों का अध्ययन करना, सामाजिक परिवर्तन के संभावित प्रतिक्रियाओं और उनके प्रबंधन के उपायों पर विचार करना, वैश्विक स्तर पर सामाजिक परिवर्तन के अनुसंधान और नीतियों में भारत और नेपाल की भूमिका को समझना, सामाजिक न्याय, समानता, और सामाजिक सहायता के माध्यमों का विस्तार करना तथा वैश्विक स्तर पर सामाजिक परिवर्तन के लिए भारत और नेपाल के अभियानों और सफल अनुभवों का संदर्भ प्रदान करना है।

## बैंसी के खेतों में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से 20 एकड़ गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



बैंसी गांव के खेतों में पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी व खेतो में लगी आग

**रोहतक** में पूरा साल मेहनत करने के बाद जब फल मिलने का समय आया तो किसानों के अरमान जल कर स्वाहा हो गए। गांव बैंसी के खेतों में बुधवार को आग लगने से आधा दर्ज किसानों की 20 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आगजनी की सूचना पाकर पुलिस व दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। आग को अधिक बढ़ते के कारण लाखनमाजरा ही नहीं महम व रोहतक से भी दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ी। वहीं ग्रामीण भी आग पर काबू पाने के लिए प्रयास में जुटे रहे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 20 से अधिक एकड़ फसल जलकर राख हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार, गांव बैंसी में लाखनमाजरा से महम रोड पर नहर के पास अज्ञात कारणों से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। हालांकि अभी तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं लग पाया है। आग लगने के कारण आजाद, संजय, अजय डबास, जयवीर, सूरज, रणबीर, बारू, टीनू आदि किसानों की गेहूं की फसल जलकर भस्म हो गई। वहीं गांव के जलघर के पास भी आग लगी और वहां एक-दो एकड़ फसल जल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की पांच गाड़ियां बुलाई। जिन्होंने आग पर काबू पाया। गांव बैंसी के सरपंच अमन ने बताया कि उनके गांव में दो जगह आग लगी है।

आग का पता लगने के बाद एक किसान अजय डबास का बेटा आ रहा था, लेकिन उसका बीच रास्ते में एक्सीडेंट भी हो गया। आग लगने के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि फिलहाल आग पर काबू पा लिया। लाखनमाजरा थाना के एसएचओ समरजीत सिंह बताया कि बैंसी गांव के खेतों में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया है, लेकिन कई एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## हरियाणा की सात लोकसभा सीटों पर किसान आंदोलन का असर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में लोकसभा की सात सीटों पर किसान आंदोलन का असर दिख रहा है। भाजपा-जजपा नेताओं का किसान संगठन खुलकर विरोध कर रहे हैं। भाजपा का सर्वे और खुफिया एजेंसी भी इस बात की पुष्टि कर रही हैं कि हरियाणा में अभी किसान आंदोलन का असर बरकरार है।

हिसार, सिरसा, रोहतक, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, करनाल और अंबाला संसदीय क्षेत्रों में किसान भाजपा और जेजेपी का विरोध कर रहे है। हिसार और सिरसा में किसान संगठन भाजपा और जेजेपी नेताओं का विरोध कर रहे हैं। अन्य पांच सीटों पर भी अंदर खाते दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों को किसानों का रोष झेलना पड़ सकता है। किसान आंदोलन को लेकर अभी आम किसान शांत हैं और समय आने पर अपने पत्ते खोलेंगे।

खुफिया विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण हरियाणा की सीटों पर किसान आंदोलन का असर कम है। इनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीटें आती हैं। इनमें से भिवानी के क्षेत्र में कुछ असर है। 2020-21 में किसान आंदोलन में यहां के किसानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था, लेकिन यहां पर भारतीय किसान यूनियन का मजबूत संगठन नहीं होने के चलते अब किसान आंदोलन का इतना असर नहीं है। आंदोलन के समय मुख्य रूप से हरियाणा के जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, झज्जर, हिसार, सिरसा, सोनीपत, करनाल, अंबाला और पानीपत जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। अब लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल किसान आंदोलन को मुद्दा बना रहे हैं और किसानों को साधने की कोशिश कर रहे हैं।

## कुरुक्षेत्र के मैदान में भाजपा का हैट्रिक का मंसूबा

**चंडीगढ़।** इस बार के लोकसभा चुनाव में कुरुक्षेत्र के मैदान में पुराने घोड़े पर सवार भाजपा और नए गठबंधन में शामिल कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। इन दो बड़े दावेदारों के बीच अपनी खोई जमीन फिर हासिल करने के लिए कसरत कर रहे इंडियन नेशनल लोकदल ने भी ताल ठोक दी है।इनेलो सत्ता विरोधी वोटो में सेंध मार रहा है। इनेलो ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।भाजपा ने इस सीट के लिए पहले दो बार कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा गए नवीन जिंदल पर दांव लगाया है। इंडिया गठबंधन की ओर से आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता मैदान में है।

उद्योगपति नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकार भाजपा तीसरी बार कुरुक्षेत्र को जीतना चाहती है। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र की लड़ाई में उतारना चाहती थी, मगर तब उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार नही किया था। तब मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने टिकट दिलाया और वह जीत गए। 2019में भी इनेलो कुरुक्षेत्र के रण में उतरी थी। तब इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने अपने बड़े बेटे अर्जुन चौटाला को उतारा था, लेकिन बात नहीं बन पाई थी। इनेलो कुरुक्षेत्र के चुनाव मैदान में तीसरी बार उतरा है। अभय चौटाला ने साल 2004 में कांग्रेस के नवीन जिंदल (अब भाजपा उम्मीदवार) के मुकाबले चुनाव लड़ा था, मगर हार गए थे। इनेलो ने कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में इसलिए भी तीसरी बार ताल ठोंकी है, ताकि जीटी रोड बेल्ट पर वर्चस्व को हासिल किया जा सके। इनेलो के टिकट पर प्रो. कैलाशो सैनी लगातार दो बार कुरुक्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं। अब वह कांग्रेस की राजनीति करती हैं।

### सत्ता विरोधी वोटों में सेंध मारेगा इनेलो

वर्ष 1996 में कैलाशो सैनी ने समता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और हरियाणा विकास पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल के पिता ओमप्रकाश जिंदल ने हरा दिया था। अगला चुनाव 1998 में हरियाणा लोकदल (राष्ट्रीय) के टिकट पर लड़ा और जीत दर्ज करा पहली बार संसद में पहुंची। 1999 में दूसरी बार इनेलो की टिकट पर जीत हासिल की। तब उन्होंने नवीन जिदंल के पिता ओमप्रकाश जिंदल को हराकर पुरानी हार का बदला लिया था। नवीन जिंदल ने 2004 में पहला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा और इनेलो के अभय चौटाला को हराया था। 2009 के लोकसभा चुनाव में नवीन जिंदल से हार का बदला लेने के लिए इनेलो ने पार्टी के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष अशोक अरोड़ा (अब कांग्रेस) को चुनावी मैदान में उतारा। जिंदल ने उन्हे हरा दिया। 2014 में जीत की हैट्रिक के लिए कांग्रेस ने नवीन जिंदल को फिर से मैदान में उतारा लेकिन भाजपा के राजकुमार सैनी से हार गए।

## हरियाणा व पूरे भारत में चल रही है राहुल गांधी की आंधी : गुरबाज सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**गुरबाज** सिंह ने घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस कार्यक्रम के तहत पुराना हमीदा मे सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय बदलाव का है। हरियाणा व पूरे भारत मे राहुल गांधी जी की आंधी चल रही है। देश ने हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मन बना लिया है। गुरबाज सिंह ने कहा कॉंग्रेस पार्टी हरियाणा में रोजगार लाने के प्रतिबद्ध है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आते ही महगाई बेरोजगारी को जड़ से खत्म करेंगे। जनता इस भाजपा सरकार को वोट की चोट से हराने का काम करेगी। गुरबाज सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी ने भारत को बनाने का काम किया। मौजूदा सरकार ने उजाड़ने का काम किया। आज देश मे महगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकार आंखों को मूँदे पडी है।

### भारत देश की जनता ने हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बनाया मन : गुरबाज सिंह

**कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल की जायेगी** : बुढापा पेंशन 6000 दी जायेगी। गैस का सिलेंडर 500 मे दिया जायेगा। हर महिला मुखिया को सालाना एक लाख दिया जायेगा। मनरेगा मे 400 रुपये दिहाड़ी की गारन्टी कांग्रेस सरकार दे रही है। 90 दिन तक काम की गारन्टी। इस प्रकार कांग्रेस सरकार आते ही हर वर्ग के लिये कार्य किये जायेंगे। किसानों को एमएसपी देने का काम करेंगे। परदेश मे रिक्त पड़े पदों को आते ही भरा जाएगा। इस मौके पर कॉंग्रेस नेता प्रदीप अग्रवाल, दिनेश डुमरा, कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह संधू, कांग्रेस नेता नसीब सिंह, एआईसीसी यमुनानगर विधानसभा कोऑर्डिनेटर राहुल चौहान, पूर्व डिप्टी मेयर रमेश और कई नेता व गण मान्य व्यक्ती व जिला संवाददाता पायनियर तरुण शर्मा भी उपस्थित रहे।

## छछरौली मंदिर में अपनों के बीच पहुंचकर मनाया राम नवमी का त्योहार : श्याम सुंदर बतरा



**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**छछरौली** में रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित शोभायात्रा का कोर्डिनेटर जिला कांग्रेस एवं पूर्व चेयरमैन जिला परिषद यमुनानगर श्याम सुन्दर बतरा ने स्वागत किया और सभी को रामनवमी की बधाई दी। सर्वसमाज की खुशहाली की कामना की। मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा श्याम सुन्दर बतरा को श्री राम जी की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया । श्याम सुन्दर बतरा ने कहा हिन्दू धर्म मे यह पर्व भगवान राम को समर्पित है भगवान राम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक नवरात्रि पर मां शक्ति की उपासना के बाद फिर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी का जनमोत्स्व हर वर्ष की भांति धूमधाम से शोभा यात्रा निकालकर मनाया गया। बुजुर्ग, बच्चे, युवा, महिलाओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। इस मौके पर कोर्डिनेटर जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व चेयरमैन जिला परिषद यमुनानगर श्याम सुंदर बतरा, संतोष, राजकुमार, बोब्बी मित्तल, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश बतरा, अंकुर, पंकज, सचिन जोशी, जितेंद्र सेठी, भोला मेहता, दीपक गोयल आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सम्पत्ति पर वॉल पेंटिंग करना गैर कानूनी: डीसी

**यमुनानगर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपति पर कोई भी वॉल पेंटिंग करना गैर कानूनी है। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस संबंध सभी एआरओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीसी ने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले कलाकार/पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करवाने के लिए गठित की गई टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में पूरी सख्ती के साथ कार्यवाही करें।

## स्वीप अभियान में शिक्षण संस्थान निभा रहे अहम भूमिका : डीसी





**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**डीसी** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि स्वीप अभियान में जिले की शिक्षण संस्थाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई आदि संस्थानों में आए दिन मतदाता जागृति हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो सराहनीय है।

डीसी ने बताया कि जिले में स्वीप अभियान एडीसी आयुष सिन्हा के अगुवाई में चलाया जा रहा है। शिक्षण संस्थाएं जागरूकता अभियान में सबसे अहम भूमिका में होते हैं क्योंकि यहां हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों में विद्यार्थी पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैली आदि गतिविधियों के द्वारा समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं, जिसके बड़े सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और पात्र युवा वोट बनवाने के लिए आगे आ रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के अलावा सरकारी विभागों द्वारा भी स्वीप अभियान को लेकर बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। विभिन्न विभाग मतदाता शपथ कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवा रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर व स्टीकर लगाए गए हैं जिससे आमजन में वोट के महत्व को लेकर जागृति पैदा हो और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आगे आएं।

### जिले में स्वीप अभियान के तहत हर रोज गतिविधियों से आमजन को जागरूक कर रही संस्थाएं

## लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए वोट करें : विधायक रेनूबाला

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी



**विधायक** रेणु बाला ने कहा भाजपा सरकार जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है, इससे यही साबित हो रहा है कि भाजपा इन संस्थानों को अपनी निजी संपत्ति समझती है। भाजपा देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। यह बात सढौरा विधायक रेनूबाला ने मीडिया के नाम जारी बयान में कही।

उन्होंने कहा कि हमारा देश दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए जाना जाना जाता है। लेकिन भाजपा की कूटनीतियों की वजह से भारत के लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की राजनीतिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में मजबूत विपक्ष का होना निहायत जरूरी है। लेकिन विडंबना देखिए कि भाजपा की मोदी सरकार जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रही है उससे कहीं न कहीं विपक्ष व संविधान को खत्म करने साजिश रची जा रही है।

जाहिर है एक तरफ जहां अन्य राजनीतिक पार्टियों के अस्तित्व पर आंच आना स्वभाविक है वहीं देश की जनता की सुरक्षा व्यवस्था व अधिकारों का हनन होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। रेनूबाला ने देश की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अगर भारत के लोकतंत्र को बचाना चाहते है तो देश से वर्तमान भाजपा की तानाशाही सरकार को 2024 के आम लोकसभा चुनाव में बेदखल करके देश में साफ स्वच्छ शासन देने वाली कांग्रेस सरकार को स्थापित करें।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी देश में जगह-जगह मेरी गारंटी, मेरी गारंटी करते घूम रहे हैं। रेनूबाला ने कहा कि मोदी जी और बीजेपी जो गारंटी देती है, वह बिल्कुल झूठा होती हैं। उन्होंने देश की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि उनकी गारंटियों पर विश्वास न करें और आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें, ताकि देश में लोकतंत्र व संविधान को बचाया जा सकें।

# इंडिया गठबंधन कड़ी चुनौती दे रहा है, भाजपा के काम नहीं आ रहा राम मंदिर मुद्दा : पृथ्वीराज

**पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह बात कही**



पायनियर समाचार सेवा। कराड, महाराष्ट्र

**कांग्रेस** नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों के अलग रहने के कारण विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) उतना शक्तिशाली बनकर नहीं उभरा, जितना कि सोचा गया था लेकिन यह लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कड़ी चुनौती दे रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राम मंदिर चुनावों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया है जिसके कारण वह लड़खड़ा रही है।

पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा में अपने गृह जिला कराड में दिए साक्षात्कार में चह्वाण ने इस धारणा को दूर करने की कोशिश की कि कांग्रेस को राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे में उचित हिस्सा नहीं मिला, लेकिन उन्होंने यह स्वीकार किया कि तीन दल शामिल होने के कारण बातचीत मुश्किल थी। कांग्रेस की प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख चह्वाण (78) ने कहा कि विपक्षी दल यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं कि भाजपा विरोधी वोट विभाजित न हो। उन्होंने कहा, हम काफी हद तक (भाजपा विरोधी दलों को एक साथ लाने में) सफल रहे हैं, हालांकि इंडिया गठबंधन उतना शक्तिशाली नहीं है।

जितना कि शुरुआत में सोचा गया था क्योंकि कुछ अहम दल हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भाजपा को चुनौती देने में काफी हद तक सफल रहा है जो अपने गठबंधन के साझेदारों के साथ मिलकर 543 सदस्ईय लोकसभा में 400 से अधिक सीटें पाने की उम्मीद कर रही है। चह्वाण ने उम्मीद जताई कि चार जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे तो सभी हैरान रह जाएंगे, खासतौर से महाराष्ट्र में आश्चर्यजनक परिणाम आएंगे जहां उत्तर प्रदेश (80) के बाद लोकसभा की सबसे अधिक 48 सीटें हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, एमवीए महाराष्ट्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेगा और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन से कहीं अधिक सीट जीतेगा। नतीजे सभी को हैरान करेंगे। चह्वाण ने कहा कि वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) जैसी छोटी पार्टी केवल भाजपा विरोधी मत विभाजित करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राम मंदिर का मुद्दा भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से काम नहीं आ रहा है, इसलिए वह चिंतित है। मतदाताओं की समस्याओं के बारे में चह्वाण ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम नागरिक त्रस्त हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, पश्चिमी महाराष्ट्र में शिक्षित बेरोजगारों की दर काफी अधिक है। व्यापक पैमाने पर बेरोजगारी के कारण काफी आर्थिक असमानता है। उन्होंने कहा कि एक और महत्वपूर्ण मुद्दा कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) है। उन्होंने कहा कि गन्ना और सोयाबीन उत्पादक बहुत खराब स्थिति में हैं क्योंकि इन सामान की बाजार दरें बहुत कम हैं।

चह्वाण ने आरोप लगाया कि चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक साल तक चले आंदोलन के बाद 2021 में तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करना पड़ा था, इसलिए वह किसान विरोधी नीतियां अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग इस बात को लेकर भाजपा से नाराज हैं कि उसने कैसे शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बांटा और जून 2022 में एमवीए सरकार को सत्ता से बेदखल किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा में फूट डालने के बाद कांग्रेस को भी तोड़ने की कोशिशें की गईं लेकिन, यह नाकाम हो गईं। सातारा लोकसभा सीट के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर उनका नाम सामने आने की खबरों पर चह्वाण ने कहा, यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पास है और उसके अध्यक्ष शरद पवार ने विभिन्न समीकरणों पर विचार करने के बाद शशिकांत शिंदे को नामित किया है।

## देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपील की है कि पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदाता अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में ग़रीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर मायावती ने एक पोस्ट में लिखा, देश में 18वीं लोकसभा हेतु सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के लिए कल शुक्रवार को मतदान के पहले चरण से ही, पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में ग़रीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।

उन्होंने कहा, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुपम संविधान के तहत बिना किसी भेदभाव के मिला एक वोट का अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके गरीब, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद करने में सक्षम बनकर अपना जीवन स्तर सुधार सकते हैं। मायावती ने लिखा, इसीलिए वोट के अधिकार की रक्षा पूरे जी-जान से करनी है। सावधान रहें आपका कोई वोट खरीदा न जा सके। लूटा न जा सके। कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। वोट जरूर डालें। यही सबसे बड़ा कर्तव्य व बाबा साहेब को श्रद्धांजलि। बसपा नेता ने आगे कहा कि निर्वाचन आयोग ने यह लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, सुगम, समावेशी, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण तरीके से कराने के लिए तैयारियों का आश्वासन देश को दिया है, जिस पर खरा उतरने के लिए ख़ासकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग उल्लंघन रोकना जरूरी है।

## कछार जिला प्रशासन ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर लागू की निषेधाज्ञा

**सिलचर।** कछार जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को होने जा रहे दूसरे चरण के मतदान के दौरान घुसपैठ, पशु तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए, बांग्लादेश के साथ लगने वाली अपनी 33.6 किलोमीटर लंबी सीमा पर निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला आयुक्त रोहन कुमार झा द्वारा बुधवार को जारी किए गए एक आदेश के अनुसार, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत भारत-बांग्लादेश सीमा के एक किमी क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है।

अधिकारी ने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और दो महीने तक लागू रहेगा। सुरमा नदी के किनारे आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। नदी में मछली पकड़ने के लिए कटिगोरा क्षेत्र अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही केवल कटिगोरा क्षेत्र अधिकारी की अनुमति के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा के पांच किमी के भीतर हो सकेगी। यह प्रतिबंध केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

## सत्ता विरोधी लहर के कारण छह बार के सांसद कुलस्ते को इस बार मंडला में हो सकती है दिक्कत : विश्लेषक

पायनियर समाचार सेवा। भोपाल



**राजनीतिक** विश्लेषकों का मानना है कि सत्ता विरोधी लहर केंद्रीय मंत्री और छह बार के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के लिए मंडला से इस लोकसभा चुनाव की लड़ाई को थोड़ा कठिन बना सकती है जो 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में हार गए थे। भाजपा का मानना है कि मोदी फैक्टर कुलस्ते के पक्ष में काम करेगा, वहीं कांग्रेस ने दावा किया कि उन्होंने आदिवासियों के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया। राज्य के महाकोशल क्षेत्र में मंडला (अजजा-आरक्षित) से मौजूदा सांसद, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलस्ते का मुकाबला कांग्रेस के डिंडोरी विधानसभा सीट से विधायक ओंकार सिंह मरकाम से है। मंडला लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। मंडला में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जिनमें से छह अनुसूचित जनजाति के लिए और एक अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।

2023 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने इनमें से पांच क्षेत्रों में जीत हासिल की, हालांकि उसकी सामूहिक जीत का अंतर केवल 16,000 वोट से था। कुलस्ते ने 2019 का लोकसभा चुनाव लगभग 98,000 वोटों के अंतर से जीता था। वह दूसरी बार अपने चुनावी प्रतिद्वंद्वी के रूप में मरकाम का सामना कर रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में कुलस्ते ने मरकाम को 1.10 लाख वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में कुलस्ते को निवास सीट से मैदान में उतारा था, जब कांग्रेस के चैन सिंह वरकड़े ने उन्हें 9,700 से अधिक वोटों से हराया था। केंद्रीय मंत्री के भाई रामप्यारे कुलस्ते 2018 में मंडला विधानसभा सीट पर कांग्रेस से हार गए थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बसोरी सिंह मसराम ने मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते को करीब 65,000 वोटों से हराया था। जबलपुर में एक हिंदी दैनिक के पूर्व संपादक, रवींद्र दुबे ने पीटीआई भाषा से बातचीत में दावा किया कि कुलस्ते परिवार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में, कई भाजपा उम्मीदवार तीन से चार लाख वोटों के अंतर से जीते थे, क्योंकि विभिन्न विचारधाराओं के मतदाताओं ने राष्ट्रवाद के नाम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन किया था। लेकिन फग्गन सिंह कुलस्ते एक लाख से भी कम वोटों से जीते। उन्होंने कहा इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मतदाताओं के साथ जुड़ाव, राम मंदिर उद्घाटन और जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की पृष्ठभूमि में मोदी मैजिक काम कर सकता है। दुबे ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) के उम्मीदवार से भी चुनौती मिल सकती है। जीजीपी अब तक मंडला सीट जीतने में नाकाम रही है। इसके उम्मीदवारों रामगुलाम उइके (2019 में) और अनुज गंगा सिंह (2014 में) को क्रमश: 49,000 और 56,000 वोट मिले थे। इस बार जीजीपी ने लखनादौन कस्बे से वकील महेश कुमार बट्टी को मैदान में उतारा है। भाजपा के मंडला जिले के मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने कहा कि उन्हें जीत की उम्मीद है, लेकिन पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर हो सकती है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई उन योजनाओं के कारण ग्रामीण इलाकों में महिलाएं भाजपा से खुश हैं जिनके चलते उन्हें घर, पानी, मुफ्त राशन मिला। कसार ने कहा कि मंडला-जबलपुर राजमार्ग की हालत से लोग नाराज हो सकते हैं, लेकिन इस पर काम चल रहा है। बसनिया बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित किसान भी नाराज हैं। कुलस्ते के बारे में कसार ने दावा किया कि राज्य में उनके जैसा दूसरा आदिवासी नेता नहीं है, जिन्होंने मंडला सीट से छह बार जीत हासिल की है। उन्होंने कहा इससे पता चलता है कि वह मतदाताओं के बीच लोकप्रिय हैं।

## ईवीएम प्रणाली के खिलाफ पुख्ता सुबूत जुटाने के लिए लड़ रहा हूं रामपुर से चुनाव : महमूद प्राचा

पायनियर समाचार सेवा। रामपुर



**रामपुर** लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा का कहना है कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतदान कराए जाने के खिलाफ पुख्ता सुबूत इकट्ठा करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उनका चुनाव लड़ने का तरीका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ रहे प्रत्याशियों के लिए एक रोल मॉडल बन रहा है। उन्होंने ईवीएम के खिलाफ अपने आंदोलन में विपक्षी दलों के खुलकर साथ नहीं देने पर अफसोस भी जताया। मगर कहा कि उनका आंदोलन जनता के दिल में घर कर गया है। खुद को आंबेडकरवादी कहने वाले प्राचा ने कहा, मेरा मानना है कि चुनाव कानूनन तभी वैध है जब वह मतपत्र से हो। मेरे पास इसके सारे सुबूत हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) की तरफ से राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम के खिलाफ बात तो की लेकिन वह सड़कों पर नहीं आए।

उन्होंने दावा किया, आज तक ईवीएम के खिलाफ अदालत में कोई भी याचिका पक्के सुबूत इकट्ठा करके नहीं डाली गई, इसी वजह से वे सभी खारिज हो गईं। चुनाव आयोग ईवीएम को किसी के हाथ में नहीं दे रहा है। इसलिए मेरे सभी साथी कार्यकर्ताओं ने यह तय किया कि हम एक प्रत्याशी को लड़ाएंगे, मगर ऐसी सीट से जहां अनुकूल समीकरण न होने पर भी भाजपा जीत चुकी हो। मेरे चुनाव लड़ने के लिए रामपुर सीट इसीलिए चुनी गई है। प्राचा ने कहा, हमने अपने सभी लोगों ने गुजारिश की थी कि यह हारी हुई सीट कम से कम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के नाम पर छोड़ दी जाए ताकि हम सुबूत इकट्ठा करके एक मजबूत कानूनी कार्रवाइई कर सकें। उन्होंने कहा, मेरे चुनाव लड़ने के तरीके से सीख कर बाकी सीटों पर भी लोग इसी तरह ही चुनाव लड़ेंगे ताकि ईवीएम से होने वाली धांधली और चोरी को पकड़ा जा सके। मेरा चुनाव इस मामले में रोल मॉडल बन रहा है। इस तरह से चुनाव लड़ने वाले लोग आखिर कौन होंगे, इस सवाल पर प्राचा ने कहा, "वह सभी लोग होंगे जो इस वक्त भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

प्राचा ने आरोप लगाया कि पिछले दो चुनाव में मुस्लिम समाज और दलित समाज को पुलिस के जोर पर वोट तक नहीं डालने दिया गया, इसलिए लोकतंत्र के लिए ईवीएम और लोगों को वोट नहीं डालने देना सबसे ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार बहादुरी से संविधान और कानून पर अमल कर सकता है वही इन चीजों को रोक सकता है।

## तेलंगाना : 17 लोकसभा सीटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**हैदराबाद।** भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी जिसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जाएगी तथा उम्मीदवार अपने अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा और चार जून को मतगणना की जाएगी। नामांकन पत्र 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे जबकि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। तेलंगाना भाजपा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार और वरिष्ठ नेता एताला राजेंद्र भगवा पार्टी के उम्मीदवारों में से हैं, जबकि कांग्रेस ने अन्य लोगों के अलावा दानम नागेंद्र और के काव्या को मैदान में उतारा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पार्टी का गढ़ माने जाने वाले हैदराबाद सीट से इस बार भी चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नए चेहरे पर दांव खेलते हुए माधवी लता को हैदराबाद से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के टिकट पर, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आर.एस प्रवीण कुमार और वर्तमान सांसद नामा नागेश्वर राव भी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा और बीआरएस ने पहले ही राज्य में 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जबकि कांग्रेस ने अब तक 14 उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

## असम: लखीमपुर के छोटे चाय उत्पादक जमीन पर अधिकार चाहते हैं



पायनियर समाचार सेवा। नारायणपुर

**अरुणाचल** प्रदेश की सीमा से सटे असम के लखीमपुर जिले में कई सालों से छोटे चाय उत्पादकों की एक ही मांग रही है। ए लोग जमीन पर अपना अधिकार चाहते हैं। हर सरकार के समक्ष यही मुद्दा उठाने वाले इन चाय उत्पादकों की इस बार भी यही मांग है। यहां सरकारें आईं-गईं, लेकिन इन चाय उत्पादकों की मांग अधूरी ही रही। जब भी चुनाव होते हैं, चाय उत्पादकों को उम्मीद रहती है कि शायद इस बार नई सरकार उनकी यह मांग पूरी कर दे।

लखीमपुर जिला लघु चाय उत्पादक संघ के सलाहकार जतिन चंद्र बोरा ने कहा, यहां चाय की खेती वाले अधिकतर क्षेत्र आदिवासी पट्टी में आते हैं इसलिए हमें जमीन का आवंटन नहीं किया गया। हम सरकार से हर बार अनुरोध करते हैं कि या तो क्षेत्र को गैर-अधिसूचित किया जाए या फिर हमें भूमि आवंटित करने का प्रावधान किया जाए क्योंकि इस हिस्से में आदिवासी आबादी 10 प्रतिशत भी नहीं है। उन्होंने लखीमपुर के पश्चिमी भाग में भोलाबाड़ी, ढालपुर, राजगढ़, रंगोती और सिमोज्लुगुरी पंचायतों का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि अर्थशास्त्र और सांख्यिकी के उप निदेशक के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन पंचायतों की कुल आबादी 48,006 है, जिनमें से 8,096 आदिवासी हैं जो 8 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि यह पूरा इलाका संरक्षित आदिवासी पट्टी के अंतर्गत आता है, इसलिए जो आदिवासी नहीं हैं, उन्हें भूमि का आवंटन करना संभव नहीं है। लघु चाय उत्पादकों के संगठन की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष ज्योति प्रसाद हजारिका ने दावा किया कि यह क्षेत्र आदिवासी पट्टी के अंतर्गत आता है अत: पहले सरकार ने उन्हें अस्थाई आवंटन और कुछ सीमित लाभ प्रदान किए थे। उन्होंने बताया कि साल 2008 में भूमि सलाहकार बोर्ड ने अस्थाई आधार पर कई छोटे उत्पादकों को 20 बीघा जमीन आवंटित की थी। हमने खजाना (भूमि राजस्व) का भुगतान तब तक किया जब तक प्रशासन ने कुछ साल पहले इसे लेना बंद नहीं कर दिया।

## राकांपा (शरद पवार) नेता सुप्रिया सुले ने बारामती लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन



पायनियर समाचार सेवा। पुणे

**तीन** बार की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार के तौर पर बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल किया। पुणे जिले की शिरूर लोकसभा सीट से राकांपा (शरद पवार) उम्मीदवार अमोल कोल्हे ने भी सुले के बाद यहां काउंसिल हॉल में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। सुले के नामांकन पत्र दाखिल करने के वक्त कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट और विश्वजीत कदम सहित अन्य लोग मौजूद थे। बारामती से मौजूदा सांसद और राकांपा (शरद पवार) प्रमुख की बेटी सुले का मुकाबला महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है,जो रिश्ते में सुप्रिया सुले की भाभी हैं। एक प्रकार से बारामती सीट पर मुकाबला परिवार के ही बीच है। सुनेत्रा पवार भी अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

## राजस्थान में पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों पर मतदान आज, तैयारियां पूरी

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर




**राजस्थान** में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 12 सीट पर मतदान होगा और अधिकारियों के अनुसार इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन सीटों के लिए 2.54 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आखिरी प्रशिक्षण के बाद जिला मुख्यालयों से मतदान दल बृहस्पतिवार को अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार, पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों में सामान्य मतदाताओं की कुल संख्या 2, 53, 15, 541 हैं, जिनमें ।, 32, 89, 538 पुरुष, ।, 20, 25, 699 महिला एवं 304 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनके साथ ही इन क्षेत्रों से ।, 14, 069 सर्विस वोटर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में 18-19 वर्ष उम्र के लगभग 7.99 लाख नव मतदाता पहली बार लोकसभा के लिए मतदान करने के पात्र होंगे। इन क्षेत्रों में कुल 2,51,250 दिव्यांग मतदाता हैं। पहले चरण के मतदान से जिन प्रमुख नेताओं के चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएंगे उनमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व भूपेंद्र यादव शामिल हैं। मेघवाल लगातार चौथी बार बीकानेर से चुनावी समर में हैं तो यादव अलवर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और यह उनका पहला चुनाव है। राज्य की जिन 12 लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है उनमें से सीकर, चुरू एवं नागौर की सीट भी है जहां मुकाबला कड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस ने सीकर सीट गठबंधन सहयोगी माकपा के लिए छोड़ी है। इस सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद सुमेधानंद सरस्वती उम्मीदवार हैं तो माकपा की ओर से पूर्व विधायक अमराराम मैदान में हैं। सीकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का गृहनगर है। सीकर लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीट में से पांच कांग्रेस के पास हैं जबकि तीन पर भाजपा के विधायक हैं। अमराराम दांतारामगढ़ और धोद से विधायक रह चुके हैं। फलस्वरूप सीकर भाजपा के लिए कड़ी चुनौती वाली सीट बन गई है। इसी तरह चूरू लोकसभा सीट से कांग्रेस ने मौजूदा सांसद राहुल कस्वां को मैदान में उतारा है। भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद राहुल कस्वां को टिकट देने से इनकार कर दिया था। दो बार के सांसद कस्वां पैरालंपिक पदक विजेता भाजपा के देवेंद्र झाझड़िया के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चूरू पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का गृहनगर है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि राठौड़ के कारण ही राहुल कस्वां को टिकट नहीं मिला। राहुल कस्वां उन मौजूदा सांसदों में से हैं जो भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। राज्य की नागौर लोकसभा सीट पर जाट समाज के ही दो नेता आमने-सामने हैं।राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल भाजपा की ज्योति मिर्धा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

## नल कनेक्शन मिला लेकिन पानी नहीं: कर्नाटक के आदिवासियों को आधे-अधूरे प्रलोभनों से फुसला रहे नेता

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में नागरहोल के जंगलों में जेनू कुरुबा जनजाति के करीब 60 परिवारों की बस्ती नागरहोल गड्डे हाडी में एक छोटे-से कमरे में बैठकर करीब पांच से छह घंटों तक पढ़ाई करना ही बच्चों के लिए सबकुछ नहीं है लेकिन बस्ती में एक नई आंगनवाड़ी में बैठे तीन से 10 वर्ष की आयु के करीब सात बच्चों की खुशी जाहिर है। बच्चे जानते हैं कि यह ऐसी सुविधा है जो उनसे पहले किसी को नहीं मिली। यह आंगनबाड़ी वन्य बस्ती में बनी इकलौती पक्की संरचना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जेके भाग्या ने बताया कि 12 फुट लंबा और 12 फुट चौड़ा यह कमरा कई वर्षों की खुशामद के बाद संभवत: चुनाव नजदीक आने के कारण पिछले साल जुलाई में बना था। उन्होंने बांस की एक संरचना दिखाते हुए कहा, हमें शौचालय भी मिल गया है। इससे पहले हम खुले में काम कर रहे थे। यह बस्ती वर्षों से कई बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है और चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के नेता यहां के मतदाताओं को आधे-अधूरे प्रलोभनों के जरिए फुसलाने की कोशिश करते हैं। इस बस्ती के प्रमुख जे के थिम्मा ने बताया कि जेनू कुरुबा समुदाय दशकों से मूलभूत सुविधाओं जैसे कि भूमि अधिकार, पानी तथा बिजली तक पहुंच के लिए सरकार से लड़ रहा है। थिम्मा नागरहोल बुडाकट्टू जम्मा पाली हक्कुस्थापना समिति के भी अध्यक्ष हैं, जिसके बैनर तले यह समुदाय अक्सर अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करता है। नागरहोल बाघ अभयारण्य की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह वन 45 आदिवासी बस्तियों या जेनू कुरुबा, बेट्टा कुरुबा, एरावास और सोलिगा समुदायों के ।,703 परिवारों का घर है। इसमें कहा गया है कि वन में रह रहे आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं।

हालांकि, थिम्मा का कुछ और ही कहना है। उन्होंने कहा, वर्षों तक, उन्होंने हमें कुछ भी न देकर इन जंगलों से निकालने की कोशिश की है। इतने वर्षों में, हम यह सीख गए हैं कि कागज पर कई कल्याणकारी योजनाएं हैं, लेकिन इनका लाभ बमुश्किल ही हम तक पहुंचता है।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ




**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। भारत निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पांच सीट सहित कुल 96 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विकेरी को हराकर कोको गॉ स्टटगार्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में



**स्टटगार्ट ( जर्मनी )।** अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6 . 3, 4 . 6, 7 . 5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाए लेकिन सात को ही भुना सकी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां की लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3 . 3 रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गई। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6 . 2, 6 . । से हराया। वहीं ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2 . 6, 6 . 3, 7 . 6 से मात दी। अब उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा।

### चैम्पियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी को हराकर रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनल्स में

**मैनचेस्टर।** रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4 . 3 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस आर के साथ ही सिटी का लगातार दो चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर। 1–1से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूनी ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1–0 से और औसत के आधार पर 3–2 से हराया।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**एजेंसी।** लखनऊ



लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊके बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है , रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह कल खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके।

बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटेन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। इंपैक्ट प्लेयर के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार

**लखनऊसुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

**मैच का समय : शाम साढे सात बजे से।**

सैम करन ने तोड़ी फिफ्टी पार्टनरशिप

# मुंबई के रोहित 36 रन बनाकर आउट, सूर्या फिफ्टी बनाया

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**इंडियन** प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन का 33वां मुकाबला पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में खेला जा रहा है। महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में दो विकेट पर 101 रन बना लिए हैं। सूर्यकुमार यादव क्रीज पर है। सूर्या फिफ्टी पूरी कर चुके हैं।

रोहित शर्मा 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सैम करन ने हरप्रीत बरार के हाथों कैच कराकर अर्धशतकीय साझेदारी तोड़ी। इससे पहले, कगिसो रबाडा ने अपनी पहली बॉल पर ईशान किशन (8 रन) को आउट किया। 12वें ओवर की चौथी बॉल पर मुंबई को दूसरा झटका लगा। यहां सैम करन ने रोहित शर्मा को हरप्रीत बरार के हाथों कैच कराया। सैम के इस ओवर से 5 रन आए और मुंबई का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 1वें ओवर में रोहित शर्मा ने हर्षल पटेल की बॉल पर एक हाथ से छक्का मारा। रोहित ने ओवर की चौथी बॉल पर लॉन्ग ऑन बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। इससे पहले, ओवर की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर सूर्यकुमार ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 34 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया।

इस ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 96/1 रहा।रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। दोनों ने 35 बॉल पर अर्धशतकीय साझेदारी की। ओवर की आखिरी बॉल पर सूर्यकुमार ने सिंगल लेकर साझेदारी का 50वां रन बनाया। इस ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 68/1 रहा। पावरप्ले के आखिरी ओवर में मुंबई का स्कोर 50 रन का आंकड़ा पार कर गया। सैम करन के ओवर की आखिरी बॉल पर रोहित शर्मा ने छक्का जमाते हुए स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। पारी के चौथे ओवर की तीसरी चौथी बॉल पर रोहित शर्मा रिव्यू लेकर आउट होने से बचे। हर्षल पटेल ने एंगल बनाते हुए लेग स्टंप पर जा रही थी। रोहित इसे लेग में खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल पैड पर लगी। अपील के बाद फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया।

## अवसाद, कम खाने से वजन घटने की वजह से लिया संन्यास

**एजेंसी।** मेलबर्न



आस्ट्रेलिया की छह बार की विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेट कप्तान मेग लानिंग ने खुलासा किया है कि अवसाद के दौरे और अत्यधिक व्यायाम तथा कम खाने से वजन घटने के कारण उन्होंने 31 वर्ष की उम्र में ही खेल को अलविदा कह दिया। लानिंग ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए छह महीने का ब्रेक लिया था। उन्होंने एशेज 2023 के बाद खेल को अलविदा कह दिया लेकिन कोई कारण नहीं बताया था। उन्होंने द हाउइ गेम्स पॉडकास्ट में कहा, सभी मुझसे कहते थे कि कुछ सही नहीं हो रहा है लेकिन मैने स्वीकार नहीं किया। मैं क्रिकेट खेलने की स्थिति में नहीं थी। एशेज जैसी श्रृंखला के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर काफी प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समय आया जब उनकी भूख ही खत्म हो गई और सप्ताह में 90 किलोमीटर दौड़ने के बाद वह सिर्फ दो बार खाना खाती थी जिससे काफी वजन कम हो गया। उन्होंने कहा , मैं कम खाती थी और ज्यादा वर्जिश करती थी। मेरा वजन 64 किलो से 57 किलो हो गया। इससे मेरी एकाग्रता पर असर पड़ा। मैं दूसरे लोगों को देखना नहीं चाहती थी। अपने परिवार और दोस्तों से भी कट गई। फिर मुझे लगा कि अब इस पर रोक लगनी चाहिए। लानिंग ने कहा , मैं बस कान में ईयरफोन लगाकर दौड़ने चली जाती। फोन भी साथ नहीं रखती थी। संगीत के लिए एपल वॉच ले जाती। इससे कोई मुझसे संपर्क नहीं कर पाता। धीरे धीरे यह मेरी आदत बन गई। उन्होंने कहा कि एक समय पर अवसाद ने उन्हें इतना घेर लिया कि दो घंटे भी सो नहीं पाती थी। उन्होंने कहा , रात को मुझे नींद नहीं आती थी जिससे मुझे खुद पर गुस्सा आता। हालांकि इन सब चीजों का मेरे खेल पर असर नहीं हुआ।

### चोटिल डेवोन कोंवे की जगह ग्लीसन चेन्नई टीम में



**चेन्नई।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के चोटिल सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे की जगह तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। कोंवे को फरवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया था। उन्होंने इसकी सर्जरी कराई। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही तय हो गया था कि वह पूरा सत्र नहीं खेल सकेंगे। कोंवे आईपीएल 2023 के फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे थे जिन्होंने 25 गेंद में 47 रन बनाए थे। ग्लीसन पहली बार आईपीएल खेलेंगे जिन्हें चेन्नई ने बेसप्राइज 50 लाख रूपए में खरीदा। वह इंग्लैंड के लिए छह टी20 मैच खेल 8 . 90 की इकॉनॉमी से नौ विकेट ले चुके हैं।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे

**एजेंसी।** टोरंटो



**ग्रैंडमास्टर** डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया।अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढत बना ली। कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5 . 5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्ई तान को एकल बढत मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली




लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाईसुझोउ और दोहा में क्रमश: 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से, यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है। उन्होंने कहा, मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी। श्रीशंकर ने कहा, अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता। उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं। पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे। हालांकि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर से बाहर होने से निराश थे लेकिन हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर जोरदार वापसी की।

श्रीशंकर ने कहा, जिंदगी अजीब पटकथाएं लिखती है और कभी-कभी इसे स्वीकार करने और आगे बढ़ने में साहस होता है। मैं यही करूंगा। उन्होंने कहा, मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मेरे से बहुत कुछ छीन लेगा। बॉस्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट को अपना आदर्श मानने वाले श्रीशंकर ने कहा, अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है।

### पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत : पीटरसन



**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं। पीटरसन ने स्टार स्पोटर्स क्रिकेट लाइव से कहा , उसे इस तरह की गतिशीलता से काफी प्रोत्साहन मिला होगा। यह टीम इंडिया के लिए भी अच्छा है। चोट से लौटने के बाद उसे मैच अभ्यास की जरूरत है। वह भयावह चोट से लौटा है लिहाजा गेम टाइम उसके लिए अहम है। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप से पहले उसे 14 . 15 आईपीएल मैच खेलने चाहिए। इतना खेलने पर वह तैयार हो जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकती है भारतीय पुरूष हॉकी टीम : प्रीतम सिवाच





**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरूष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा , भारत का पूल कठिन है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम पदक का रंग बदलकर पीला तमगा जीत सकती है। भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है। सिवाच ने यह भी कहा कि आगामी राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग से युवाओं को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा जिससे राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का रास्ता बनेगा। उन्होंने कहा , इसके जरिए खिलाड़ियों को पता चलेगा कि उन्हें किन पहलुओं पर काम करना है और अपने खेल में सुधार कैसे कर सकते हैं।

# धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

### रैना ने किया दावा, मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी आईपीएल के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस (एमआइ) के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा– इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

**धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें**

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है।; इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

**सीजन शुरू होने से पहले ऋतुराज गायकवाड को सौंपी गई है सीएसके की कप्तानी**

वहीं आईपीएल के इस सीजन के शुरू होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि आईपीएल में धोनी का यह आखिरी साल होगा।

**धोनी ने मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन**

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिनमें चार चौके और 3 छक्के शामिल थे। इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

## आईपीएल के इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से भारतीय हरफनमौलाओं के विकास पर लगेगी रोक : रोहित

**एजेंसी।** नई दिल्ली।




**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल के इंपैक्ट खिलाड़ी नियम के प्रशंसक नहीं है और उनका मानना है कि इससे वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे जैसे क्रिकेटर गेंदबाजी में अपना कौशल नहीं दिखा पा रहे और देश में हरफनमौलाओं का विकास बाधित हो गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम 2023 सत्र से लागू किया गया जिसमें सभी टीमें एक खिलाड़ी (बल्लेबाज या गेंदबाज) की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी को उतार सकते हैं। रोहित ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के यूट्यूब शो क्लब प्रेयरी फायर पर कहा , मेरा मानना है कि इससे भारतीय हरफनमौलाओं का विकास बाधित होगा। उन्होंने कहा , क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेला जाता है , 12 के साथ नहीं। मैं इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम का मुरीद नहीं है। थोड़े से मनोरंजन के लिए क्रिकेट से बहुत कुछ छीना जा रहा है। उन्होंने कहा , मैं कई उदाहरण दे सकता हूं। वॉशिंगटन सुंदर , शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। भारतीय टीम के लिए यह अच्छा नहीं है। पता नहीं इसके बारे में क्या कर सकते हैं लेकिन मैं इसका प्रशंसक नहीं हूं। रोहित ने कहा , यह मनोरंजक है क्योंकि 12 खिलाड़ी मैदान पर उतर सकते हैं। आप अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को उतार सकते हैं। जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम को लेकर लग रही अटकलों के बीच रोहित ने कहा कि उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर से मुलाकात नहीं की है। उन्होंने इन खबरों को फेक न्यूज बताते हुए कहा , मैं किसी से नहीं मिला हूं। अजित दुबई में गोल्फ खेल रहा है। राहुल भाई मुंबई में अपने बच्चे को खेलते देख रहे हैं। वह ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेल रहा है। अगर कैमरे पर आपने मुझे, राहुल , अजित या बीसीसीआई में किसी को बात करते नहीं देखा तो यह सब फेक है।